Anniversary 26TH YEARS

22 जून से 6 जुलाई 2024

SINCE 1998

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

26 year Anniversary Special Edition

SÖKTAŞ ALWAYS AHEAD

# की दुबई डीलर कॉन्फ्रेंस सफल

## प्रीमियम कॉटन शर्टिंग रेंज देख व्यापारी हुए उत्साहित

दुबई/ देश की अग्रणी टेक्सटाइल कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड-ग्रासिम प्रीमियम फैब्रिक के अधिकृत प्रीमियम कॉटन शर्टिंग ब्राण्ड SOKTAS की चार दिवसीय डीलर कॉन्फ्रेंस दुबई के पाँच सितारा होटल The Marriott, Palm Jumeirah Dubai में 5 से 8 जून तक आयोजित की गई। इस दौरान कंपनी द्वारा उत्पादित प्रीमियम शर्टिंग की विस्तृत रेंज व्यापारियों के समक्ष प्रदर्शित की गई। कंपनी के सीईओ श्री सत्यकी घोष के सान्निध्य में देशभर के मुख्य डीलर्स ने इस कॉन्फ्रेंस में शिरकत की।



### व्यापारिक विचार-विमर्श एवं प्रतिक्रिया

कंपनी की मार्केटिंग एवं डवलपमेंट टीम द्वारा प्रदर्शित इन उत्कृष्ट उत्पाद को व्यापारियों द्वारा रिकॉर्ड तोड़ बुकिंग करने हेतु उत्साहित कर दिया। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में व्यापारियों द्वारा इतना स्नेह कंपनी प्रबंधन को नई मजबूती और नये अवसरों की ओर अग्रसर करता है। कंपनी के उच्च अधिकारियों ने उपस्थित व्यापारियों से व्यापार संवर्धन एवं आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया, साथ ही प्रबन्धन ने इसे क्रियान्वित करने हेतु आश्वस्त भी किया।

इन चार दिवसीय दुबई यात्रा के दौरान व्यापारियों ने सैर-सपाटे के साथ ही **'Golf'** खेल का आनंद उठाया। म्यूजियम ऑफ फ्यूचर और ढलती शाम के साथ **'Yacht'** पर आयोजित पार्टी का लुत्फ उठाया। डीलर्स ने कंपनी द्वारा दुबई यात्रा के दौरान प्रदान उच्चस्तरीय और अद्भुत व्यवस्थाओं और सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

**आदित्य बिड़ला समूह के ग्रासिम इंडस्ट्रीज के डोमेस्टिक टेक्सटाइल्स के सीईओ श्री सत्यकी घोष** ने सोक्टास ब्राण्ड के प्रति मिल रहे निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए अपने चैनल पार्टनर्स का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि यह भरोसा हमारी सफलता के मूल आधारों में से एक है और हमारी प्रेरणा का निरंतर स्त्रोत भी है। हम मेन्स वियर के तहत बेहतरीन कॉटन फैब्रिक में इनोवेटिव डिजाइन बनाकर उत्कृष्टता के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही उन्होंने दुबई कॉन्फ्रेंस को यादगार और सफल बनाने का श्रेय पार्टनर्स को दिया।











(दाएँ से बाएँ) सुरेश अग्लेचिया (हेमा डिस्ट्रीब्यूटर्स), शिबाब्रतो घोष (जीपीएफ के कर्मचारी), राहुल चिंचवाडव (जीपीएफ के कर्मचारी), जागृत जैन (जागृत फैशन), पंकज चौधरी (हेमा डिस्ट्रीब्यूटर्स), सिद्धेश लुनिया (सुकिया फैब्रिक्स), संकेत लुनिया (सुकिया फैब्रिक्स), स्वप्निल पाटिल (जीपीएफ के कर्मचारी), प्रदीप जैन (फैबकॉट), दीपक पोरवाल (मान्यवर फैब्रिक्स), प्रखर पलावत (पलावत टेक्सटाइल्स), सागर मेहता (आरपी एंटरप्राइजेज), परमजीत नागी (जीपीएफ कर्मचारी), राहुल अड्डुकिया (श्री गणेश लाइफस्टाइल्स), प्रियतम पंडित (जीपीएफ कर्मचारी), संग्राम कलमकर (जीपीएफ कर्मचारी), अलंकार हिसारिया (फैंसी साड़ी एम्पोरियम), श्रीधर साबत (जीपीएफ कर्मचारी), ऋषिकेश पांडे (श्री गणेश लाइफस्टाइल्स), श्रीधर बेथी (जीपीएफ कर्मचारी)

बैठने की पंक्ति (बाएँ से दाएँ)- विनीत जैन (एमएस एंटरप्राइजेज), राजेश गोराडिया (आरपी एंटरप्राइजेज), संदीप जैन (फैबकॉट), गोपाल सहजवानी (बॉम्बे क्लॉथ सिंडिकेट), परमोद पलावत (पलावत टेक्सटाइल्स), डूंगा राम चौधरी (हेमा डिस्ट्रीब्यूटर्स), सत्यकी घोष (सीईओ - डीटी), नरेश जैन (जागृत फैशन), मुकेश पोरवाल (मान्यवर फैब्रिक्स), सौरव सिन्हा (जीपीएफ कर्मचारी), मनीष मेहता (जीपीएफ कर्मचारी), नरेंद्र सिंह (जीपीएफ कर्मचारी)

### डिस्प्ले रेंज

कंपनी द्वारा फाइन कॉटन यार्न निर्मित पोपलीन एवं ट्विल की आकर्षक रेंज को व्यापारियों ने खूब पसंद किया। साथ ही जैकार्ड, कैजुअल चैक्स, साटिन और सुपर फाइन रेंज 'एक्सीलेंस' जैसे अद्भुत कलेक्शन देख व्यापारी काफी उत्साहित नजर आए। कॉटन और टेंसिल ब्लेंड शर्टिंग की विशेष डिजाइंस का भी व्यापारियों ने अवलोकन किया।










SÖKTAŞ ALWAYS AHEAD

PREMIUM COTTON FABRICS

Available in our exclusive brand outlet in Jayanagar, Bangalore
& leading multi-brand outlets pan India.

# Cavallo by Linen Club

**Autumn-24 Festive Collection**

# की गोवा कॉन्फ्रेंस को मिला सुपर रिस्पॉन्स

**कोलकाता/** Cavallo by Linen Club द्वारा आगामी सीजन हेतु Autumn-24 फेस्टिव कलेक्शन के तहत डीलर कॉन्फ्रेंस गोवा के पाँच सितारा होटल नोवोटेल में आयोजित की गई। इस कॉन्फ्रेंस में कंपनी द्वारा निर्मित, सूटिंग-शर्टिंग और एथनिक वियर की 1600 से अधिक उत्कृष्ट डिजाइंस व्यापारियों के समक्ष पेश की गई। व्यापारियों के चयन में सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन डिजाइंस के अंतर्गत 4000 से भी अधिक सेम्पल्स प्रदर्शित किए। इस कॉन्फ्रेंस में कंपनी के मुख्य डीलर्स ने शिरकत की और इस भव्य आयोजन को सफल बनाया। आगन्तुक डीलर्स ने कंपनी द्वारा प्रदर्शित एक्सक्लूसिव सूटिंग शर्टिंग एवं एथनिक वियर की प्रदर्शित उत्कृष्ट वस्त्र शृंखला का अवलोकन करते हुए बुकिंग कराई। इस भव्य आयोजन में समुद्र की लहरों का आनंद लेते हुए, कैसीनो मनोरंजन एवं कम्पनी द्वारा आयोजित गतिविधियों का मजा लिया।

## Cavallo परिचय

**देश के प्रतिष्ठित उद्योग समूह आदित्य बिरला के तहत ग्रासिम इण्स्ट्रीज के डोमेस्टिक टेक्सटाइल का महत्वपूर्ण हिस्सा जय श्री टेक्सटाइल्स का नामचीन ब्राण्ड Linen Club हमेशा से अपने नवाचार के लिए मशहूर है। उपभोक्ताओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई प्रीमियम ब्लेण्डेड लिनन रेंज Cavallo ग्राहकों की पसंद बनती जा रही है। अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित "Cavallo" लिनन और कॉटन फाइबर की विशिष्ट विशेषताओं को बनाए रखता है जो फैब्रिक को आराम देह बनाता है।**

Wrinkles Less:- इस कपड़े में सलवटें नहीं पड़ती, जिससे पहनने वाले का लुक पूरे दिन आकर्षक बना रहता है।

Effortless Care:- Cavallo कपड़ों का रख-रखाव और इस्त्री करना बहुत आसान होता है।

Unmatched Quality :- बेल्जियम और फ्रांस से प्राप्त बेहतरीन यूरोपीय लिनन एवं कॉटन के ब्लेण्ड से निर्मित होने से यह फैब्रिक की फील-फॉल को काफी प्रीमियम बनाता है।






## कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शित डिजाइन्स

Festive-24 कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदर्शित सभी रेंज एवं डिजाइंस ग्लोबल टेक्सटाइल हैरिटेज को प्रदर्शित करती है। साथ ही इनकी बनावट आधुनिक होते हुए भी पारंपरिक एहसास को दर्शाती है।

**Rich Color Palettes:-** रस्टीक, गहरे और मिट्टी के रंग अवसर और उमंग की भावना उत्पन्न करते हैं। साथ ही सॉफ्ट और ब्राइट पेस्टल टच इसे और अधिक आधुनिक बनाते हैं।

**Yarn Dyeds:-** यार्न डाइड शर्टिंग और सूटिंग रेंज में रंगों की एक विस्तृत विविधता है। यह कलेक्शन रिच टोन के साथ गहरे, चमकीले और सॉफ्टनेस को भी दर्शाता है। फॉर्मल वियर के लिए धारीदार, चैक्स, डोबी, पेटर्न की विस्तृत वस्त्र शृंखला, कैजुअल वियर के लिए बोल्ड और बड़े चैक्स पेटर्न, कैंडी स्ट्राइप्स जैसे अद्भुत कलेक्शन व्यापारियों के समक्ष पेश किए गए। शरद ऋतु और वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखते हुए निर्मित इस फैब्रिक को जैकेट, सूट और एथनिक कुर्ते के साथ ही कई बहुमुखी परिधान के रूप में उपयोग में लिया जा सकता है।

**Subtle Screen Prints:-** स्क्रीन प्रिंट डिज़ाइन के साथ निर्मित शर्टिंग फैब्रिक संयमित लुक उपभोक्ताओं के लिए प्रथम पसंद होगा। फॉर्मल ऑकेजन के साथ ही रोजना पहनने के लिए Subtle Print Cavallo के इस कलेक्शन को और आकर्षक बनाता है।

**Digital Print:-** त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए वाइब्रेंट डिजिटल प्रिंट के साथ बनी यह रेंज आकर्षक कुर्ते, जैकेट और कैजुअल शर्ट बनाने के लिए बेहतर विकल्प है। Cavallo रेंज के जीवंत दिखने वाले डिजिटल प्रिंट्स का यह कलेक्शन समकालीन पैटर्न को भी दर्शाता है।

**Jacquards & Embroidery:-** विशेष रूप से एथनिक वियर को प्रदर्शित करता जैकार्ड और एम्ब्रॉयडरी युक्त यह कलेक्शन त्योहारी एवं वैवाहिक सीजन की पहली पसंद है। Cavallo की यह रेंज एथनिक वियर को और अधिक भव्य बनाती है।

**"हमारे ब्लेंडेड लिनन ब्रांड - कैवेलो बाय लिनन क्लब के लिए हमारे फेस्टिव'24 कलेक्शन को इतनी उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिलने पर हमें बेहद खुशी है। ब्लेंडेड लिनन फैब्रिक नए युग के उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण फैब्रिक के रूप में उभर रहा है, जो कॉटन की कोमलता के साथ विशिष्ट लाइन लुक के साथ एक अनूठा अहसास देता है। मैं इस कॉन्फ्रेंस को शानदार सफल बनाने के लिए सभी पार्टनर्स को उनके विश्वास और सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं।"**

-श्री सत्यकी घोष
सीईओ, डोमेस्टिक टेक्सटाइल्स, ग्रासिम इंडस्ट्रीज
आदित्य बिड़ला समूह

CAVALLO
BY LINEN CLUB




LINEN CLUB
PASSIONATE LIKE YOU

INDIA'S ONE-STOP DESTINATION
FOR PREMIUM LINEN FABRICS & APPARELS.

With over 3000+ designs and a myriad of textures & colours,
Linen Club has a range of fabrics & apparels for every shade of you.

231
EXCLUSIVE
BRAND OUTLETS
& COUNTING




ADITYA BIRLA
FASHION

European Flax
Premium linen fiber

Available in exclusive Linen Club stores and leading multi-brand outlets.
Linen Fabrics | Linen Ethnic Wear | Linen Shirts | Linen Trousers | Linen Jackets | Bespoke Tailoring




पाक्षिक
26 Anniversary
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 24-06-2024 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-27 | अंक-01 | भीलवाड़ा/22 जून, 2024 | कुल पृष्ठ- 26 | मूल्य : 25 रुपए 






















## हाजिर में रूई के भाव स्थिर एवं मजबूत रहने की संभावना

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

रूई की आवक घट रही है। टेक्सटाइल की स्थानीय मांग अच्छी होने के साथ निर्यात मांग भी बढ़नी शुरू हो गई है। अधिकतर स्पिनिंग इकाइयों के पास यार्न का उत्पादन करने के लिए रूई का स्टॉक न्यूनतम स्तर पर है। बारिश के कारण रूई की आवक कम होने का अनुमान है। जीनर्स के पास क्षमता से अधिक रूई की गांठे है। जीनरों के पास जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। अभी इन इकाइयों में कपास को रूई गांठ में बदलने का कार्य हो रहा है। अब बारिश शुरू होने पर इस कार्य में अवरोध होगा तथापि जिनर्स माल बेचने से पहले भाव बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं। इसलिए हाजिर में रूई के भाव स्थिर एवं मजबूत रहने की संभावना है, जबकि हाल रूई में लेवाली बनी हुई है।

हाजिर में संकर 6 रूई का भाव प्रति खंडी 56000 से 56500 रू के है। मौजूदा भाव इस सीजन का सबसे कम भाव माना जा रहा है। रूई का ऊँचे में भाव 62000 रू. प्रति खंडी तक पहुँचने के बाद जबसे भाव घटना शुरू हुआ है, उसके बाद फिर उस स्तर पर पहुँच ही नहीं सका है। हाजिर में कपास का भाव अपने नीचले स्तर पर है। इस भाव पर उन किसानों को सीमित नुकसान हो सकता है, जिन्होंने भाव बढ़ने की उम्मीद में अभी तक कच्चा माल स्टॉक कर रखा है। आगामी दिनों में रूई के भाव स्थिर से नरम रहने की धारणा है, लेकिन उसके बाद की अवधि में रूई के भाव बढ़ भी सकते हैं। यद्यपि इस सीजन में रूई की चमक फीकी होने का असर कपास की बुवाई पर पड़ने का अनुमान है।

नई सीजन के लिए कॉटन आउटलुक ने वैश्विक रूई उत्पादन अनुमान 21.52 लाख गांठ अधिक होने का लगाया है, जबकि भारत में रूई का उत्पादन अनुमान 309.87 लाख गांठ रहने का लगाया है। बीते सीजन में देश में 319.87 लाख गांठ रूई का उत्पादन होने की संभावना है। इस तरह से देखा जाए तो रूई का उत्पादन करीब 10 लाख गांठ कम हो सकता है। अगस्त से शुरू होने वाली नई सीजन के लिए अमेरिका में रूई का उत्पादन 154.52 लाख गांठ की तुलना में बढ़कर 211.03 लाख गांठ होने का अनुमान लगाया गया है, जबकि आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान में भी रूई का उत्पादन घटने का अनुमान है। इसी तरह ब्राजील में रूई का उत्पादन बढ़कर 214.26 लाख गांठ होने का अनुमान है।


























# पावरलूमधारक संघर्ष की तैयारी में

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

लोकसभा चुनाव के बाद अब सभी की नजरे विधानसभा चुनाव की ओर लगी हुई है। इचलकरंजी विधानसभा के गए चुनाव वस्त्रोद्योग को लेकर चर्चा में रही थी। इस समय अतिरिक्त बिजली सहूलियत का मुद्दा चर्चा में है। इस सवाल को लेकर पावरलूमधारक संघर्ष की तैयारी में है। जबकि आने वाले कुछ माह पर होने वाले चुनाव बिजली दर सहूलियत का मुद्दा लेकर इच्छुक उम्मीदवारों के लिए संकट ठहर सकता है। वस्त्रोद्योग पर बड़ा अर्थ कारण चलता है। साथ ही में बड़े पैमाने पर रोजगार निर्मित भी होती है। लेकिन बीते कुछ सालों में वस्त्रोद्योग संकट का सामना कर रहा है। शासन की ओर से जरूरी बूस्टर डोस नहीं मिलने की वजह से वस्त्रोद्योग पर मंडरा रहा संकट नहीं टल रहा है। दिनों-दिन बढ़ती जा रही समस्या के चलते पावरलूमधारक इसमें फँसता ही जा रहा है। विधानसभा के 2019 में हुए चुनाव वस्त्रोद्योग की समस्या को लेकर चर्चा में रहे। विधायक श्री प्रकाश आवाड़े ने समस्या के चलते पावरलूम भंगार में देने का समय आया है, यह बात उस समय चर्चा में रही। श्री आवाड़े पर विश्वास दिखाकर मतदाताओं ने उनको जीत दिला दी। लेकिन फिर भी वस्त्रोद्योग को हालात में कुछ बदलाव नहीं हुआ है। शासन ने 2023-2028 के लिए वस्त्रोद्योग नीति जाहिर की। पावरलूमधारकों की अपेक्षा अनुसार कुछ भी बदलाव नहीं हुआ। 27 अश्वशक्ती के ऊपर वाले पावरलूमधारकों को 75 पैसे तथा 27 अश्वशक्ती के नीचे वाले पावरलूमधारकों को एक रूपया अतिरिक्त बिजली सहूलियत की बात बड़ी चर्चा में है। मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने बिजली सहूलियत लागू करने की घोषणा की, लेकिन उसका अमल नहीं हुआ। ऑनलाइन पंजीकरण की शर्त लागू किए जाने के चलते सहूलियत की घोषणा सिर्फ फॉर्स ठहरी। जिससे आने वाले कुछ माह पर होने वाले विधानसभा चुनाव उम्मीदवारों के लिए बड़ा धोखा माना जा रहा है।

## बिजली सहूलियत को लेकर पावरलूमधारक आक्रामक

अब बिजली यूनिट में प्रतियूनिट 30 पैसे की बढ़ोतरी होने से पावरलूमधारक बड़े आक्रामक हुए है। बिजली सहूलियत के साथ बाकी मांगो को लेकर उन्होने संघर्ष की तैयारी की है। कई बार मांग किए जाने के बाद भी शासन के स्तर पर कुछ हल नहीं निकाले जाने से पावरलूमधारकों में उदासीनता का माहौल है। पावरलूम कामगार कल्याणकारी मंडल की स्थापना के बारे में शासन ने कुछ बात नहीं कही है। ऐसे में पावरलूम कामगार बड़े नाराज है। इचलकरंजी विधानसभा मतदान संघ में पावरलूमधारकों के साथ कामगारों की संख्या भी बड़े पैमाने पर है। जिससे पावरलूमधारक और कामगारों के संघर्ष का सामना उम्मीदवारों को करना पड़ सकता है।

# जबरदस्त गर्मी से व्यापार शांत

**आकोला / राजेश जैन**

हमारे रिजर्व एरिया में 47 से 50 तक धूप का प्रकोप पिछले दिनों से बन रहा है। इस कारण सभी मार्केट रोड़ सुनसान ही नजर आ रहे हैं। पिछले एक हफ्ते में गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। गर्मी कम होने से पिछले दो-चार दिनों से थोड़ा बहुत व्यापार दिख रहा है। माल की डिमांड ज्यादा नहीं है। सुबह से शाम दुकानदार बैठा-बैठा परेशान हो गया है, सिर्फ मोबाइल से दिनभर व्यापारी समय निकाल रहा है। स्कूल सीजन का काम भी चालू हो गया है। मगर हमेशा की तरह स्कूल ड्रेस का काम नहीं हो रहा है। टेंडर सिस्टम के कारण सभी को काम नहीं मिल रहा है। कुल मिलाकर कपड़ा व्यापार ज्यादा अच्छा नही चल रहा है।

# गर्मी के बावजूद ग्राहकी अच्छी

**ब्यावर/अनिल डोसी...** मार्केट में ग्राहकी धीमी गति से चल रही है। जरूरत के मुताबिक माल की खरीदी चालू है। राजपूती ड्रेसेज का चलन ज्यादा ही बढ़ गया है। ड्रेस मटीरियल, सलवार सूट, धोती जोड़ा, टेरी रूबिया, ब्लाउज व फैंसी रेडीमेड ब्लाउज, रेमण्ड कॉटन व्हाइट हाउस, सूटिंग 2/18 व ट्राउजर, फैंसी सूटिंग-शर्टिंग प्रिंट चैक्स, माइक्रों, रोटो, वेलवेट प्लेन व प्रिंटेड ओरना क्वालिटियां 20×20, 30×30, 50×50 डॉगी प्लेन प्रिंटेड चून्दडी 2/18 में हैवी व हल्की क्वालिटी पीवी चलन में है। पेमेंट की आवक ठीक है।

# पानीपत हथकरघा मण्डी का विस्तार तो हुआ मगर सरकार को इनकी सुरक्षा का ध्यान नहीं

**पानीपत / अशोक शर्मा/ अभिषेक शर्मा**

भारत के यह ऐतिहासिक शहर पानीपत जो लाखों लोगों को रोजी रोटी देता है। सरकार को भारी भरकम टेक्स भी देता है, परन्तु सरकार ने इस बढ़ती मण्डी के विस्तार पर कोई ध्यान नही दिया। विगत 2-3 माह में ही हैण्डलूम यार्न तथा कम्बल फैक्ट्रियों में आग लग चुकी है और करोड़ों रूपयों का नुकसान हो चुका है। आज भी पानीपत के सेक्टर, 29 में एक कपड़ा फैक्ट्री (कम्बल फैक्ट्री) में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसे बुझाने के लिए करनाल और सोनीपत से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मंगवानी पड़ी। उद्योगपतियों में इस बात को लेकर बड़ा भारी रोष है। लोकसभा चुनावों से पहले भी कई फैक्ट्रियों में आग लगी थी। व्यापारियों व उद्योगपतियों ने बताया कि पिछले 15-20 सालों से पानीपत की इण्डस्ट्री का बड़ा फैलाव हुआ है और अब तो कई ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े-बड़े उद्योग स्थापित हो गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने सरकार और स्थानीय विधायकों व सांसद महोदय को अवगत कराया था। पानीपत शहरी विधायक श्री प्रमोद विज (जो स्वयं भी बड़े उद्योगपति है) ने आश्वासन दिलाया था कि चुनावों के कारण आचार संहिता लगी हुई है। चुनावों के बाद वह तुरंत इस कार्य को पूरा कराएंगें परंतु अभी तक अस्थाई रूप से कोई प्रबन्ध नही हुआ। इस बार गर्मी भी हद पार कर गई है जिस कारण कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। आज जिस फैक्ट्रियों में आग लगी थी उसका धुआँ भी चारों तरफ फेल रहा था और भारी भगदड़ मची रही।







# सीमित कारोबार, नहीं पकड़ी रफ़्तार

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**

मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मेरठ आदि पश्चिमी उत्तरप्रदेश की प्रमुख वस्त्र मंडियों में एक सीमित दायरे में ही वस्त्र व्यापार चल रहे हैं, मजबूत, अच्छे कांउटर पर ही काम है, अधिकांश व्यापारी सीमित कारोबार होने से परेशान हैं। कम पूंजी वाले व्यापारी दिसावर की, थोक विक्रेता की पेमेंट समय पर नहीं कर पा रहे। तथापि सिस्टम से चलने वाले व्यापारी दिसावर की भुगतान समय से कर रहे हैं। भीषण गर्मी से व्यापारी और आमजन सभी त्रस्त है। आगे कोई बड़ा त्योहार नहीं है, जून में कोई लग्न- सावा मुहूर्त नहीं है, जुलाई में छुटपुट लग्न- सावा मुहूर्त है, लेकिन वर्षा ऋतु में ब्याह कम किए जाते हैं। मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित सुप्रसिद्ध व्यापारियों सर्वश्री विनोद डाबर, मनोहर लाल, संजीव गोयल, गुलाटी जी, राजेश ग्रोवर, अमित सिंघल, आशीष सिंघल, घनश्याम पालीवाल, अशोक छाबड़ा, पवन बत्रा, सुदर्शन खरबंदा, अमृत राठी, लक्ष्मण रस्तौगी, देवेंद्र गर्ग, इन्द्र सुनेजा, अनिल नामदेव, मनीष जैन आदि के अनुसार अभी हाल फिलहाल कामकाज सीमित दायरे में चलते रहने का ही अनुमान है।









Collection of Impression
The Perfect Man
Servicom's
FINE SUITINGS
Servicom Rayon India
Mumbai office :
Bhilwara Office:
G-9/10, 4th Phase, RIICO Ind. Area, Bhilwara (Raj.)


।। श्री नाकोड़ा भैरवाय नमः ।।
BS
Deal with ease, deal with us
Specialisation in
UNIFORM &
CORPORATES
Bhairav Syntex
Textile Agent
112, 1st Floor, Shreenath Tower, Pur Road, Gangapur Choraha
Bhilwara-311001 (Raj.) bhairavsyntex11@gmail.com
MAHENDRA JAIN 94138 60897 | 63785 41066 | HARSH JAIN 94611 32695


Kalpatru®
TRULY WONDERFUL
KALPATRU SYNTHETICS
PRIVAT LIMITED
CORP. OFF:- Rajlaxmi Comm. Complex, 'J' Bldg., 2nd Floor, Gala No. 216 to 218 Kalher Village, Bhiwandi, Thane- 421 302. Tel: 95951-46883, 95952-46882
REGD. OFF:- 26, Bandrawala Bldg., 2nd Floor, 16, Dadi Seth Agiari Lane, Mumbai- 02. Ph.: 022-2240 0642 / 40056305, Mob.: 93202-12219, 80807-77101
Manufacturers Of Exclusive Shirtings & Corporate Uniform
Helpline no +91 7219896584 | E-mail: kalpatru_syn@yahoo.co.in


MAYPRE®
LEGACY OF FASHION
Dealing in Shirting & Kurta Fabrics
MAHAVIR TEXTILES
Office: 19/21, Ladwadi, Khokhawala Bldg., 2nd Floor, Old Hanuman Lane, Kalbadevi, Mumbai- 02.
Tel.: 022 4004 3239 | Email: mahavirtextiles@yahoo.co.in
For Trade Inquiry:- Kumarpal Jain- +91 93241 47233 | Karan Jain- +91 98205 86838


Qmax WORLD®
SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY
Choose from our exclusive range of uniform fabrics
Jugg Jugg Jeeyo
GYFT ME
AGENTS SOLICITED


ANIRUDH® TEXCHEM PVT. LTD.
A uniform can help students develop a sense of identity and belonging within the school
ANIRUDH TEXCHEM PVT. LTD.
+91 9352815046 www.anirudhtextile.com Anirudh Texchem
anirudhtexchem anirudhtextiles@gmail.com
C-69, B.T. Market, Pur Road, Bhilwara (Raj)
MUMBAI OFFICE: Room No. 8, First Floor, Dwarka Sadan, Sai Nath Road
Next To Lifeline Hospital, Malad ( West ), Mumbai-64 (Maharashtra) Mob.:-98202-33140
Mills: E-170, Hamirgarh Growth Center, Bhilwara


Siyaram's
MARCONI
ITALIAN FASHION
THE WORLD IS
YOUR RUNWAY
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
TR-KING
RCZETTI GET NOTICED
COLE
ULTIMA
BODYCARE® FABRIC
Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:

# 'अजमेरा ट्रेंड्स' ने जीता इंडियाज बेस्ट एथनिक वियर फ्रेंचाइजी चेन अवॉर्ड

सूरत/ विमेंस एंड किड्स अपेरल्स रिटेल फ्रेंचाइजी चेन - 'अजमेरा ट्रेंड्स' को 'इंडियाज़ बेस्ट एथनिक वियर फ्रेंचाइजी चेन' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मुंबई में हुए भारत के सबसे प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट अवॉर्ड इवेंट, 'ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024' में दिया गया।




बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री श्रीमती शिल्पा शेट्टी ने यह अवार्ड अजमेरा ट्रेंड्स की पैरेंट कम्पनी अजमेरा फैशन के फाउंडर एंड सीईओ श्री अजय अजमेरा जी को दिया। इस इवेंट में कॉर्पोरेट जगत की कई दिग्गज हस्तियाँ मौजूद रहीं, साथ ही एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के कई चमचमाते सितारों ने भी शिरकत की। इस अवसर पर श्री अजय अजमेरा ने कहा, 'यह अवॉर्ड हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। यह हमारी टीम और फ्रैंचाइजी ओनर्स की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हमने रिकॉर्ड समय में 100 फ्रैंचाइजी स्टोर्स का माइलस्टोन पार किया है और हमारा लक्ष्य है कि 2025 तक हम पूरे भारत में 400 फ्रेंचाइजी स्टोर्स के साथ करोड़ों ग्राहकों को उचित दाम पर बेहतरीन क्वालिटी और डिजाइन के कपड़े उपलब्ध करा सकेंगे।'

**अजमेरा ट्रेंड्स 2023 में श्री अजय अजमेरा द्वारा शुरू की गई एक रिटेल फ्रेंचाइजी चेन है। यह चेन महिलाओं और बच्चों के लिए पारंपरिक और आधुनिक परिधानों की एक विस्तृत शृंखला प्रदान करती है। बाजार में अब तक कोई बड़ा ब्रांड खास साथियों की फ्रैंचाइजी लेकर नहीं उतरा था, ऐसे में अजमेरा ट्रेंड्स ने न सिर्फ इस रिक्त स्थान को भरा है बल्कि इस क्षेत्र में बड़ी कामयाबी भी प्राप्त की है। अजमेरा ट्रेंड्स की सफलता का मुख्य कारण इसकी उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद, किफायती दाम और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा है। यह पुरस्कार अजमेरा ट्रेंड्स की प्रतिबद्धता और भारतीय फैशन उद्योग में योगदान को दर्शाता है।**



# बोथरा ग्रुप की 10वीं एसटीए सेल्स बुकिंग का आयोजन 27 से 29 जुलाई तक

**सिलीगुड़ी/** प. बंगाल की प्रमुख वस्त्र मण्डी की जानी मानी एजेंसी संतोष टेक्सटाइल द्वारा आगामी 27 से 29 जुलाई (तीन दिवसीय) 10वीं एसटीए सप्लायर्स एण्ड बायर्स मीट का कार्यक्रम सुरतम नाकीपुरीया भवन में सम्पन्न होने जा रहा है। कार्यक्रम कजानकारी देते हुए एजेंसी के ऑनर श्री बच्छराज बोथरा ने बताया कि आगामी पूजा एवं लग्न सीजन के मद्देनजर यह बुकिंग आयोजन सम्पादित होने जा रहा है। गौरतलब है कि एजेंसी द्वारा 10वाँ इस तरह का सफल आयोजन होगा। श्री बोथरा ने बताया कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य यह है कि व्यापारियों को एक ही छत के नीचे सूटिंग-शर्टिंग की विभिन्न क्वालिटियां ब्राण्ड्स, टावल, बेडशीट, रजाई, फैंसी दुपट्टा, एम्ब्रॉयडरी उत्पाद, प्रिन्टेड साड़ी, वर्क साड़ी, सलवार सूट, रेडीमेड गारमेण्ट, गाउन लहंगा, घाघरा, रेडीमेड ब्लाउज, लेगिन्स , पेंसिल पेन्ट, प्लाजों एवं पटियाला सहित मेन्स वियर एवं लेडीज वियर उत्पादन के कई घराने अपने प्रॉडक्टस का डिस्प्ले माध्यम से प्रदर्शन करेंगे। जिससे मैन्युफेक्चरर्स एवं बायर्स का एक साथ संगम होगा एवं व्यापारी अपनी-अपनी आवश्यकतानुसार बुकिंग करवा सकेंगे। कार्यक्रम में मुंबई, अहमदाबाद, सूरत, इंदौर, भीलवाड़ा, जयपुर एवं तिरुपुर की कई मैन्युफेक्चर कंपनीयां शिरकत करेंगी।






For Agent/Dealer/Franchise store enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747
Write to: helloburgoyne@bairdlinen.com | AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS
Follow us on /@Burgoyneindia | /@Burgoyneindiaofficial | www.burgoyne.co
**Burgoyne** & **BAIRD Cotton** are registered trademarks of **WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.**
HOUSE OF BURGOYNE IRELAND ESTD. 1912

# बैनी कोट्स ब्राण्ड्स की विभिन्न क्वालिटियों को बेहतर समर्थन



**भीलवाड़ा**

बैनी कोट्स द्वारा स्कूल ड्रेस में काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। हाल ही में कंपनी ने अपने सभी प्रॉडक्ट के अंदर काफी रीजनेबल रेट और बेहतर क्वालिटी के कारण व्यापारी रेग्युलर में उनका कपड़ा बेच रहे हैं।

कंपनी के डायरेक्टर श्री बी जी झँवर ने बताया कि अभी काफी मंदी है हमने अभी हमारे छोटे से बड़े सभी कस्टमर की राय लेकर उनके सुझाव से हमारी क्वालिटी को पहले से काफी इम्प्रूव किया है जिसके कारण, हमारे पास छोटे-छोटे ऑर्डर रेग्युलर आ रहे हैं। कंपनी भी अपने व्यापारियों को पूरा संतुष्ट करने में लगी हुई है।

हाल ही में कंपनी ने होटल इंडस्ट्री इंस्टीट्यूट कॉर्पोरेट्स का कपड़ा बनाना चालू किया है। जिसका भी कंपनी को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। कुछ क्वालिटियां कंपनी के नाम से बाजार में एक अलग पहचान बनाई हुई है। कंपनी की सुपरहिट क्वालिटियों में

- **Super fine 9955**
- **Super Forecast**
- **Super tusser 7200**
- **Infino**
- **Cotton cool 3200**
- **Ferno**
- **Deluxe 999**

कंपनी DMS के अंदर safari range भी काफी रीजनेबल रेट का कपड़ा बना रही है। जिसकी रेग्युलर कंपनी में डिमांड बनी रहती है।

- **Nano**
- **Jayesh wool**
- **Windsor**
- **Jonson**
- **Forcast**

कंपनी हाल ही में होटल इंडस्ट्री व कॉर्पोरेट्स के फैब्रिक मैन्युफेक्चरर्स को रोज नया डवलपमेंट कर मार्केट में अपनी अलग पहचान बना रही है।

Benny Cotts®
for Trade Inquiry
94141-11656

# योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत



**मुज्जफरनगर / अजय कुमार सिंघल**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय योग संस्थान द्वारा कमला फार्म्स में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रहने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

वास्तव में योग जीवन जीने की कला है, योग करके मानव निरोगी रहकर दीर्घायु हो सकता है। प्रत्येक योगासन, प्राणायाम, ध्यान, आहार, नियम में इतने लाभकारी रहस्य छिपे हैं कि इनकी व्याख्या करना अत्यन्त कठिन है। भगवान श्री कृष्ण को भी योगेश्वर कहा गया है। महर्षि पतंजलि से लेकर अनेक ऋषियों ने योग की व्याख्या की है। आज के दूषित जल और पर्यावरण के समय योग को बाल्यकाल से ही अपनाना अत्यन्त लाभकारी है।

आयोजकों में मुख्य रूप से सर्वश्री सुभाष गुप्ता, ज्ञान अरोरा, संजीव गोयल, आर के गर्ग आदि के साथ 19 योग केंद्रों के हजारों साधक साधिकाओं ने प्रतिभाग किया। वरिष्ठ डा पंकज जैन, आईआईए अध्यक्ष श्री अंकित संगल, श्री राकेश ढींगरा गाँधी कॉलोनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं मातृ शक्ति का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ।





## Celebrating Nine Years of Success

We complete 9 years of providing strategic guidance to Textiles and Retail sectors to solve their problems and to boost top & bottom line. We are thankful to our Clients, Associates and Well-wishers for their continuous support, trust and confidence to select us as their true business partner.

9 YEARS | 11 COUNTRIES | 22 CLIENTS | 50 PROJECTS

**We have 3 distinct competencies that make us stand out in the industry.**

- Our caliber to understand the issue in a practical light and to experiment with different probable solutions.
- Our ability to use relevant data and dashboards effectively to provide insights & recommendations to the CXOs and Promoters.
- Our capacity to align people, processes and technology for the strategy execution and business excellence.

**Here we are...**

- To Build a profitable Business.
- To give Innovative solutions to push your business forward by implementing our recommendations and delivering results.
- Unlocking potential & to take your organization to new heights.

STRATEGY | INVESTMENT | SALES | MANAGEMENT | RETAIL | BRANDING | M & A | DIVESTMENT | OPERATIONS | AUDIT | TRAINING

Independent Director GBTL Ltd. (Formerly known as Grasim Bhiwani Textiles Ltd)


Ex-CEO (Textile) Bombay Dyeing & Manufacturing Co Ltd. Mumbai

**Debashis H Poddar**
Founder & CEO
Whatsapp.: +91 9820700090
E-mail: debashish.poddar@ffirstidea.com
Website: www.ffirstidea.com

Ex-President Director PT Five Star Textiles Indonesia

EX-CEO (Export, RMG & Garment Div.) Donear Industries Ltd

FFIRST IDEA® ADVISORS
INNOVATE • IMPLEMENT • DELIVER
Management Consultants-Textile & Retail
4006, Tower-A, Oberoi Esquire, Goregaon (East), Mumbai- 400 063. INDIA.

EX-CEO (Export, RMG & Garment Div.) Donear Industries Ltd | Ex-CEO (Textile) Bombay Dyeing & Manufacturing Co Ltd. Mumbai | **Debashis H Poddar** Founder & CEO FFIRST IDEA ADVISORS PVT LTD | Ex-President Director PT Five Star Textiles Indonesia | Independent Director GBTL Ltd. (Formerly known as Grasim Bhiwani Textiles Ltd)



*"It gives me an immense pleasure to convey my best wishes to the team of "Textile World" for completing a successful journey of 26 years and entering into another milestone phase of 27th year. I hope that it will work relentlessly for the development of the textile industry and its all stakeholders.*

*I look forward for a very successful future for "Textile World" in the coming years*

*With Warm Regards*

*Debashis H Poddar*

STRATEGY | INVESTMENT | SALES | AGENCY | RETAIL | BRANDING | M & A | DIVESTMENT | OPERATIONS | AUDIT | TRAINING

FFIRST IDEA ADVISORS Pvt. Ltd.
4006, Tower A, Oberoi Esquire, Goregaon (East), Mumbai 400 063, INDIA.
Cell: +91 9820700090
E-mail: debashish.poddar@ffirstidea.com
Website: www.ffirstidea.com

FFIRST IDEA ADVISORS
Innovate • Implement • Deliver
Management Consultants-Textile & Retail


## सीएम श्री योगी आदित्यनाथ से कंसल एवं अग्रवाल ने मुलाकात की



**मुज्जफरनगर**/ देश के सबसे लोकप्रिय, यशस्वी एवं तेजस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से पूर्व विधायक श्री अशोक कंसल एवं पूर्व विधायिका श्रीमती सुशील अग्रवाल ने मुलाकात की। उन्होंने उन्हें पूर्व जनप्रतिनिधियों की समस्याओं से अवगत कराया । मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने पत्र लेने के बाद जनपद की हार के बारे में भी चर्चा की।

**रिपोर्ट : अशोक सिंघल**



**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

यह अत्यंत हर्ष का विषय है भारतीय टेक्सटाइल उद्योग के आइने के रूप में 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' अपने 26 वर्ष पूर्ण करके 27वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। वर्षों की सफलतम यात्रा के दौरान 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' ने सम्पूर्ण भारत के वस्त्र उद्योग जगत से जुड़े सभी क्षेत्रों की समय समय पर महत्त्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कर सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं तथा समाचार पत्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

**आशीष छापड़िया (मिक्की बाबू)**
प्रहलाद राय एण्ड कंपनी



**श्रीमान् योगेन्द्र जी,**

**सादर नमस्कार।**

आपके द्वारा प्रकाशित 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' समाचार पत्र ने वस्त्र व्यापार की उन्नति में सफल भूमिका का निर्वहन किया है। टेक्सटाइल उद्योग द्वारा निर्मित उत्पादों को देशभर में प्रचारित करने का 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' सर्वोत्तम माध्यम है। इसके अलावा टेक्सटाइल क्षेत्र में हमेशा सही सूचनाओं से समाचार पत्र ने अपनी पुख्ता छवि बनाई है। आपके अखबार के 27वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर हम हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।

**सन्दीप छाबड़ा**
डायरेक्टर, छाबड़ा सिन्कोटेक्स प्रा.लि.



**श्रीमान् योगेन्द्र शर्मा जी,**

**सादर नमस्कार।**

'टेक्सटाइल वर्ल्ड' का सफर 26 वर्ष पूर्ण होकर 27वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अतः 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' परिवार को बधाई, भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़ता रहे, इसी आशा के साथ।

धन्यवाद।

**रमेश कोठारी**
डायरेक्टर, मोनालिसा सिंथेटिक




**प्रिय योगेन्द्र जी,**

टेक्सटाइल वर्ल्ड समाचार पत्र को सफलतम 26 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं।
टेक्सटाइल वर्ल्ड द्वारा निरन्तर उद्योग जगत को देश के कई क्षेत्रों में आपस में जोड़ने का कार्य प्रशंसनीय है। समाचार पत्र 27वर्ष में प्रवेश करने पर हमारा सहृदय से आभार।

धन्यवाद।

**आर.पी. झँवर**
डायरेक्टर, प्राइमरा सुल्ज








## बिल माफ नहीं किए जाने के चलते पावरलूम बंद

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

कर्नाटक सरकार ने राज्य के बुनकर समाज के बिजली बिलो में बढ़ोतरी किए जाने के चलते निपाणी परिसर के 15 पावरलूम कारखाने बंद है। साथ ही में निपाणी तहसील के बोरगाँव, माणकापुर, बेडकिहाल के साथ आलूर के पावरलूम बंद होने से तीन हजार कामगार बेरोजगार हुए है।

पहले कर्नाटक सरकार की ओर से टेक्सटाइल उद्योग को 1 रूपया 25 पैसे यूनिट दर से बिजली मिलती थी। ऑर्डर चार्जेज पकड़कर 2 रूपए 80 पैसे दर से उसकी आकारणी होती थी। लेकिन सरकार ने पंचमी योजना से घरों को मुफ्त बिजली देने के चलते पावरलूमधारकों को 6 रूपए यूनिट दर लगाया है। ऑर्डर चार्जेज सहित यह दर 9 रूपए 50 पैसे होता है। बढ़ाए गए बिजली दर के चलते पावरलूम व्यवसाय के सामने समस्या खड़ी हुई है। जब तक बिजली दर माफ नहीं किए जाते तब तक बिलों का भुगतान नहीं करेंगे ऐसी भूमिका पावरलूमधारकों ने ली है। जिससे गए एक-डेढ़ साल में यह थकबाकी करोड़ों रूपए तक पहुंची है। कर्नाटक में सबसे ज्यादा पावरलूमधारक निपाणी तहसील में है। मोर्चा, ज्ञापन, अनशन इन मांगों का इस्तेमाल कर सरकार को पावरलूमधारकों की समस्या से अवगत किया गया है लेकिन सरकार की ओर से अनदेखी की गई है।






### लगभग 200 दुकानें स्वाहा

# नई सड़क पर आग से करोड़ों का नुकसान

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

पुरानी दिल्ली की नई सड़क पर 14 जून को लगी आग में लगभग 200 दुकानें स्वाहा हो जाने और करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका है। जानकारों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट से लगी इस आग में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन व्यापारियों की जमा-पूंजी आग की भेंट चढ़ गई और उन्हें दोबारा स्थापित होने में समय लगेगा।

नई सड़क के मारवाड़ी कटरे में लगी आग ने मिनटों में ही कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया जिसे बुझाने के लिए कई लाख लीटर पानी का प्रयोग किया गया और बड़ी संख्या में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को जूझना पड़ा। व्यापारियों का कहना है कि चांदनी चौक में आग तो कई बार लगी है लेकिन इतनी भयावह आग शायद पहली बार लगी है, जिसमें लगभग 200 दुकानें स्वाह हो गई और कई दिनों तक चिंगारी सुलगती रही।

दिल्ली हिन्दुस्तानी मर्केन्टाईल एसोसिएशन के महासचिव श्री श्रीभगवान बंसल का कहना है कि चांदनी चौक में अब तक आग लगने की कई घटनाएं हुई है लेकिन यह सबसे बड़ी है जब आग को कई दिनों में पूरी तरह से काबू पाया जा सका।

जानकारों का कहना है कि आग से व्यापारियों का 100 करोड़ से 200 करोड़ रुपए के बीच का नुकसान हुआ है क्योंकि सामान के अतिरिक्त दिनभर की बिक्री भी आग में जलकर खाक हो चुकी है। श्री बंसल का कहना है कि एसोसिएशन ने सरकार से प्रत्येक दुकानदार को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की है। व्यापारी नेता श्री अभिषेक गनेड़ीवाल का कहना है कि जिन दुकानों को नुकसान हुआ है वहां दोबारा कारोबार आरंभ करने में काफी समय लग जाएगा।



**Dear Yogendra Ji,**

Congratulations to you and the entire Textile World team on this incredible achievement-26 years of publication! This remarkable achievement reflects your steadfast commitment to quality and your dedication to the Indian textile industry.

For more than two decades, Textile World has been a pillar of the industry, consistently delivering timely updates and valuable market insights. On behalf of Siyaram's, we wish Textile World continued success in all its future endeavors, and may this 27th year of publication be a prelude to even greater accomplishments.

Best regards,
**Ramesh Poddar**
Chairman and Managing Director,
Siyaram Silk Mills Limited



**Dear Yogendra Ji,**

Many congratulations to "Textile World" and team for completing 26 years of publication. Textile World has done a commendable job over the years in bringing to its readers the information, reports and opinions about the textile industry so vital in this age of media.

Textile World has been a great medium for the dissemination of accurate information about news on the development of textiles and other materials. On this commemorative occasion, we wish much more success in the times to come. Keep bringing us the good stories and keep growing your readership!

With Best Wishes,
**Dhvani Kaul**
Management, S.Kumars, Mumbai



**Shree Yogendra Ji,**

Very glad to know that the news paper "Textile World" is entering 27th year after completing his 26 Glorious years.

This is the paper, who provides latest news of textile sector of India and abroad, by which every person related to this sector remains aware regarding situation of the business, Congratulation to the Textile World family wishing all the best for future.

Regards,
**Heeralal H Jain, Director**
Centuary Processing Mill (India) Pvt. Ltd., Erode



My heartfelt Congratulations to Yogendra Sharma Ji & the entire "Textile World" Team on successful completion of 26th Years. It's been an exquisite journey due to the hard work, determination, dedication and passion. Throughout these years, Textile World proved to be one of the leading Newspaper in the country with timely and relevant news from the Textile Industry.

My best wishes to their continued Success & Growth, keep up the good work.

**Rajendra Agarwal**
Promoter & Group Mentor
Donear Group



**Dear Yogendra ji**
**& Textile World team**

Congratulations to Textile World on its 26th work anniversary! Your dedication to excellence and innovation in the textile industry has been truly inspiring. Wishing you continued success and growth in the years to come

**Shailendra Pandey**
Business Head
Banswara Syntex Limited



**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

**'टेक्सटाइल वर्ल्ड'** अपने 26 वर्ष पूर्ण कर 27वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। इतने वर्षो की सफलतम यात्रा के दौरान 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' ने सम्पूर्ण भारत के वस्त्र उद्योग से जुड़े सभी क्षेत्रों की महत्त्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की है। 27वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर मैं अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

**रमेश गाड़ोदिया**
डायरेक्टर, गाड़ोदिया सिन्टेक्स प्रा.लि., मुंबई



**Shree Yogendra Ji,**

Namaskar, We truly appreciate the years and long service you committed to the Textile Industry. No words can express the level of your commitment and dedication in your work. Congratulation on successful completion of your 26th year's journey.

**Arvind Kumar Singh (Partner)**
Ajanta General Agencies, Kolkata



**प्रिय योगेन्द्र जी,**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आपके द्वारा अर्जित उत्कृष्ट पत्रकारिता के मापदण्ड बनाए रखने के लिए बहुत-बहुत बधाई!

टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज में होने के कारण हमें यहाँ क्या हो रहा है इसकी बेहतरीन जानकारी आपके माध्यम से मिलती रहती है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आप निरंतर आने वाले वर्षों में इसी तरह और मजबूती से आगे बढ़े।

**सुनील टिबरेवाल**
क्यूमैक्स वर्ल्ड, मुम्बई




**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

टेक्सटाइल उद्योग जगत के लोकप्रिय समाचार पत्र टेक्सटाइल वर्ल्ड को अपनी ख्याति के 26 वर्ष पूर्ण होने पर बजाज फैब एवं जिन्दल फैब ग्रुप की ओर से ढेरों शुभकामनाएँ। आपने सदैव सभी पाठकों के लिए वस्त्र उद्योग की नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराई है।

27वें वर्ष में प्रवेश पर आपको एवं आपकी टीम को हार्दिक शुभकामनाएँ।

**देवकीनन्दन जिन्दल**
एवं समस्त जिन्दल परिवार, मुंबई



**Dear Yogendra Ji,**

Your dream project, Textile World is completing Twenty Six years of services, which is a true testament to your hard work, dedication and commitment towards the textile industry. Your contributions and positive attitude have been a key part of success of Textile World over the past more than quarter-century.

My best wishes to you and your team at this occasion.

Thanks & Regards,

**Rajesh Singh**
Business Head- Brands
Rishab World Pvt Ltd



**श्री योगेन्द्र जी,**

टेक्सटाइल जगत का सबसे पुराना एवं लोकप्रिय समाचार पत्र टेक्सटाइल वर्ल्ड के 26 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलकामनाएँ। टेक्सटाइल जगत की जानकारी आपके समाचार पत्र द्वारा प्राप्त होती रही है एवं आशा है कि निरन्तर इसी तरह सफलता के पथ पर चलते रहेंगे।

**महेश मुरारका**
डायरेक्टर-मुरारका सूटिंग प्रा.लि.



**प्रिय योगेन्द्र जी एवं**
**सम्पूर्ण टेक्सटाइल वर्ल्ड टीम,**

टेक्सटाइल वर्ल्ड के 26 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई। हमें आपका पेपर बहुत अच्छा लगता है। इतने अल्प समय में आपने जो ऊंचाइयों को छुआ है एवं आपने जिस प्रामाणिकता एवं कुशलता के साथ जो कार्य किया है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है। आपने समय के साथ नई तकनीक का जो प्रयोग किया है, यह आपकी दूरदर्शिता का प्रमाण है।

हमारी तरफ से 27वें वर्ष में प्रवेश पर आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएँ एवं अभिनन्दन!

**किशोर कोठारी**
डायरेक्टर, रणजीत फैब इण्डिया एलएलपी, मुंबई



**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

सादर नमस्कार, मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि टेक्सटाइल क्षेत्र में आपका पाक्षिक समाचार पत्र टेक्सटाइल वर्ल्ड सफलतापूर्वक 26 वर्ष पूर्ण करके 27वें वर्ष में पदार्पण कर रहा है। इस अवसर पर मेरी ओर से तथा मेरे प्रतिष्ठान मै. प्रभुजी टेक्स प्रा. लि. की ओर से हार्दिक बधाईयाँ एवं अभिनंदन स्वीकार करें। देशभर में टेक्सटाइल व्यापार संबंधी जानकारी एवं ट्रेण्ड्स, उत्पादन आदि के बारे में आपके समाचार पत्र के माध्यम से व्यापार जगत को तमाम सूचनाएँ मिलती रहती हैं, जो उपयोगी एवं सार्थक होती हैं।

**रामप्रसाद बिदावतका**
डायरेक्टर, प्रभुजी टेक्स प्रा. लि., मुंबई



**श्रीमान् योगेन्द्र जी शर्मा,**

**'टेक्सटाइल वर्ल्ड'** अखबार का टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने हेतु सराहनीय योगदान रहा और यह अपने 26 वर्ष का सफर पूरा कर चुका है। आशा है, भविष्य में भी कपड़ा व्यापार को जोड़ने व विकास के लिये 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' इसी तरह जानकारी प्रदान करता रहेगा। टेक्सटाइल वर्ल्ड के 27वें वर्ष में प्रवेश पर एसजीएस परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएँ।

**गणेश दास राठी**
डायरेक्टर, एसजीएस सिल्क मिल्स, मुंबई



**प्रिय योगेन्द्र जी,**

'टेक्सटाइल वर्ल्ड' का सफर 26 वर्ष पूर्ण होकर 27वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अतः 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' परिवार को बधाई, भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़ता रहे, इसी आशा के साथ।

**मधु सुदन नुवाल**
डायरेक्टर, सीताराम इण्डिया लि.




कुछ नया, कुछ अलग


श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

## सफलता के मूलमंत्र
# जीवन पथ की अमूल्य खोज

**मेरे प्यारे मित्रों,**
आज मैं आपसे एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण विषय पर बात करना चाहता हूँ। मैं उन मुद्दों को आपके साथ साझा करना चाहता हूँ, जो कि सफलता की नींव है। आत्म-पूर्ति और उपलब्धि की तलाश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की अंतिम खोज है सफलता। इस मंजिल तक कैसे पहुंचे उसका मूल मंत्र जानते है।

**काम के प्रति हमारा जुनूनः**

दिन प्रतिदिन अपनी प्रेरणा को बढ़ावा दें। जुनून वह ईंधन है जो हमारी इच्छाओं को प्रज्वलित करता है और हमें हमारे लक्ष्यों की ओर ले जाता है। यह हमें दृढ़ संकल्प के साथ बाधाओं को दूर करने के लिए प्रेरित करता है और यह हर महान उपलब्धि की आधारशिला है। ओपरा विनफ्रे ने कहा है कि, जुनून एक ऊर्जा है। उस शक्ति को महसूस करें जो आपको उत्साहित करने वाली चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करने से आती है। प्रेरणा परिणाम का प्रमाण है, प्रवाह है जो कि हमें लक्ष्यपूर्ति के लिए बढ़ावा देता है। इसलिए किसी न किसी वस्तु, घटना या व्यक्ति से प्रेरणा प्राप्त करें।

**दृढ़ताः**

हमारे सामने आती हुई चुनौतियों को हमें गले लगाना चाहिए। हमारी दृढ़ता असफलताओं के बावजूद दृढ़ रहने की क्षमता है, एक ऐसा गुण जो अक्सर उन लोगों में पाया जाता है जो अंततः महानता प्राप्त करते हैं। यह गुण ठोकरें खाने वाले अवरोधों को सीढ़ी में बदलने की शक्ति है। सफलता अंतिम नहीं है, असफलता घातक नहीं हैः यह जारी रखने का साहस है जो मायने रखता है। हम जो भी काम करे पूरी प्रमाणिकता और लगन से करें। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितनी धीमी गति से चलते हैं, जब तक आप रूकते नहीं हैं और काम के प्रति प्यार ही हमें सफलता की ओर ले जाएगा।

**असफलता से हिम्मत करके ऊपर उठोः**

प्रतिकूल परिस्थितियों और असफलताओं से अनुकूलन, उबरने और मजबूत होने की क्षमता डवलप करनी चाहिए। यह हमें असफलताओं को विकास के अवसरों में बदलने की हिम्मत देता है। चुनौतियाँ ही जीवन को रोचक बनाती हैं और उनसे पार पाना ही जीवन को सार्थक बनाता है। सफलता इस बारे में नहीं है कि आप कितनी बार गिरते हैं बल्कि इस बारे में है कि आप कितनी बार उठते हैं। जीवन में सबसे बड़ी महिमा कभी न गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरने पर उठने में है।

**काम में फोकसः**

हम जो भी काम हाथ में ले उसमें उत्कृष्टता पाने के लिए अपना फोकस लगाएं। ध्यान हमारी पूरी क्षमता को अनलॉक करने की कुंजी है। अपनी ऊर्जा को वास्तव में महत्त्वपूर्ण चीज़ों की ओर मोड़कर, हम सफलता के लिए एक मार्ग तैयार कर सकते हैं।

**निरंतर अपने ज्ञान की वृद्धि करेंः**

निरंतर सीखने की कोशिश करें। ज्ञान शक्ति है। निरंतर सीखने से हमारे क्षितिज का विस्तार होता है और हमें चुनौतियों से निपटने और अवसरों को सफलता में बदलने के लिए आवश्यक उपकरण मिलते हैं। अपने बिज़नेस के बारे में पूरा ज्ञान रखें। देश-दुनिया और आने फील्ड की आवश्यक गतिविधियों से अपडेट रहें।

**अनुशासनः सफलता के लिए आदतें विकसित करें।**

अनुशासन लक्ष्यों और उपलब्धियों के बीच का पुल है। यह हमें प्रतिबद्ध रहने, अच्छी आदतें विकसित करने और प्रेरणा कम होने पर भी प्रगति करने में सक्षम बनाता है। तनाव के विरुद्ध सबसे बड़ा हथियार एक विचार को दूसरे पर चुनने की हमारी क्षमता। इसलिए खुद पर विश्वास रखें और अनुशासन का पालन करें। योजना और अनुशासन के बिना लक्ष्य केवल एक इच्छा है, इसलिए जो भी करें पूरे आयोजन के साथ करें।

**कृतज्ञताः यात्रा में आनंद खोजें।**

कृतज्ञता संतोष और पूर्णता जीवन सुख की कुंजी है। अपने जीवन में आयी हुई करुणा और सद्भाव को स्वीकार करके और उसकी सराहना करके सकारात्मकता विकसित करे और आगे की सफलता को आकर्षित करें। कृतज्ञता जीवन की पूर्णता को खोलती है।

सफलता एक व्यक्ति गत यात्रा है और ये मंत्र इसके टेढ़े-मेढे रास्ते को नेविगेट करने में मदद करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में काम करते हैं। इन मंत्रों को चरितार्थ करके, हम अपनी पूरी क्षमता को अनलॉक कर सकते हैं और वह सफलता प्राप्त कर सकते हैं जिसकी हमें तलाश है।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# लगाजिया ब्राण्ड की थाईलैंड ट्यूर स्कीम को जबरदस्त रिस्पॉन्स

मुंबई / टीआर एवं एथनिक वियर ब्राण्ड लगाजिया ने अपने व्यापारियों के लिए जबरदस्त स्कीम की घोषणा की है। यह स्कीम जनवरी 2024 में शुरू होकर 30 जून तक चलेगी। कंपनी के सेल्स मैनेजर श्री अजय चटर्जी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष कंपनी द्वारा अपने व्यापारियों के लिए स्कीम की घोषणा की गई है जिसमें बताया गया है कि 121 ताके की खरीदी करने पर व्यापारियों को 4 रात एवं 5 दिन की थाईलैंड की यात्रा पर ले जाया जाएगा।

LEGAZIA
LUXURY DESIGNER FABRICS

इस स्कीम के तहत व्यापारियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। विदित रहे की लगाजिया ब्राण्ड फैंसी सूटिंग-शर्टिंग, टीआर एवं एथनिक वियर फैब्रिक निर्माता कंपनी सेन्चुरी फैब्रिक प्रा. लि. का प्रतिष्ठित ब्राण्ड है, जो महज थोड़े से समय पूर्व लॉञ्च किया गया और आज भारत की तमाम मण्डियों में अपने पाँव पसार चुका है।

# गर्मी से राहत के बावजूद बाजार में नरमी

**उदयपुर/ नवीन कोठारी...** आल्लोच्य पखवाड़े में जहां हीट वेव और नौतपे की भीषण गर्मी से वस्त्र बाजार में सन्नाटा पसरा था। वहीं अब तापमान में गिरावट और गर्मी से राहत के बावजूद भी बाजार में ग्राहकी का अभाव है। पिछले दिनों से गर्मी में राहत जरूर है मगर गर्मी बरकरार है, हवा में थोड़ी ठण्डक होने से आमजन परेशान नहीं है। शीघ्र ही मानसून का प्रवेश होने की जानकारी मौसम विभाग ने दी है। वैसे भी इन दिनों लग्न मुहूर्त नहीं है इसलिए भी वस्त्र बाजार ठण्डा है। इन दिनों सिर्फ यूनिफॉर्म प्रतिष्ठानों पर हलचल दिखाई दे रही है और अन्य प्रकार के वस्त्रों में मामूली ग्राहकी को छोड़कर सन्नाटा ही है। छुटपुट ग्राहकी में भी कॉटन वस्त्रों की मांग ज्यादा है। कॉटन साड़ियां, कॉटन सूटिंग-शर्टिंग, कॉटन सलवार सूट, रेडीमेड में भी कॉटन हाफ आस्तिन शर्ट, कुर्ती, टी-शर्ट आदी की मांग ज्यादा है। जानकारों की माने तो मानसून प्रवेश के साथ ही बाजार में ऑफ सीजन हो जाएगा। अतः ग्राहकी बहुत कम ही रहने की सम्भावना है। वस्त्र व्यापारियों को नये स्टॉक का ऑर्डर और न देते हुए जो स्टॉक रखा है उसी से अभी काम चलाने की सलाह दी जा रही है।

# भयंकर गर्मी के चलते मार्केट ठंडा

**सतना / बलराम शुक्ला...** इस वर्ष का व्यापार समझ के बाहर है। एक तो मई-जून के महीने में वैवाहिक सीजन का नहीं होना भी मुख्य कारण है। जबकि अन्नदाता का कहना है कि इस वर्ष फसल की पैदावार भी अच्छी हुई लेकिन गर्मी ने तो रिकॉर्ड तोड़ दिया। पुराने घर के बुजुर्गों का कहना है कि ऐसी गर्मी तो हमने जीवन में कभी नहीं देखी। लोग घरों से निकल नहीं रहे है और बाजार में एक-दो लोग दिख रहे हैं, सन्नाटा पसरा है। दिन में सुबह दस बजे से शाम पाँच बजे तक लोग घरों में रह रहे है। एसी, कूलर कुछ भी काम नहीं कर हैं। सतना के प्रसिद्ध व्यवसायी श्री संतोष जैन से हमने बात की तो उन्होंने बताया कि इसका मुख्य कारण शहरीकरण है। खेती की जमीन में लोग मकान बना रहे हैं, चारों तरफ कंक्रीट का जाल बिछा है, अंधाधुंध वृक्षों की कटाई हो रही है, नदियां सूख रही है, इसलिए तापमान भी बढ़ रहा है। उन्होंने एक बात बतायी कि आप लोग जो कागज प्रयोग कर रहे हैं उसमें भी पानी का उपयोग ज्यादा होता है जो चिंता का विषय है। आसपास ग्रामीण क्षेत्रों मे कुएँ सूख रहे है, हैंडपंपों से पानी की जगह गरम हवा निकल रही है अतिआवश्यक होने पर ही लोग मार्केट आ रहे है। व्यापारी महंगे किराए पर बैठे हैं, उनकी स्थिति और खराब हो रही है। ग्राहकी न के बराबर है।

HAPPINESS INDEX

# अपार सम्भावनाओं का स्वामी उत्तरप्रदेश


श्री अवधेश कुमार शर्मा
B.Text.M.M.F.T.
Chartered Engineer
Mob.: 94794 48612

किसी भी बात पर अचानक विश्वास मत करीए क्योंकि न जाने कितने भ्रम फैलाये जाते रहते हैं और शायद सबसे अधिक भृम अपने उत्तर प्रदेश के बारे में फैलाया गया है।। कुछ लोग इसे 'जातिवाद का राजनीतिक प्रदेश' और कुछ भ्रमित असभ्य लोग तो 'उल्टा प्रदेश' तक बोल देते हैं। ऐसे में किसी भी लेख के शब्दों को पढ़ें फिर अपने मष्तिष्क पर गढ़ें (विवेक पूर्ण विचार करें) फिर जो उचित लगे समझें । चूंकि भारत में प्रजातन्त्र है अतः अपनी अपनी बुद्धि-विवेक अनुसार सबको सोचने समझने का हक है। हम लोग तो सबसे पहले अपने हक की बात ही तो करते हैं , फिर धन कमाने की, सम्मान पाने, फिर अपने स्वार्थ की ओर सबसे अन्त में कर्तव्य की बात करते हैं वो भी अपनी सुविधानुसार आस-पास माहौल देखकर ही करते हैं। अपना उत्तरप्रदेश मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी तथा सभी कलाओं निपुण भगवान श्री कृष्ण समेत अनेक देवी -देवताओं की जन्मभूमि है।

'रामचरित मानस' जैसा ग्रन्थ और आज का सबसे प्रचलित और लोकप्रिय धार्मिक पाठ, 'श्री हनुमान चालीसा' जैसे अनेकों रचनाओं के साथ भारत को मुंशी प्रेमचंद जी द्वारा शुद्ध हिंदी का भी पाठ पढ़ाने वाला कितना अद्भुत है अपना प्यारा उत्तरप्रदेश। गंगा-जमुना के जल और अदृश्य ज्ञान रूपी सरस्वती नदी के मिलन 'संगम-प्रयागराज' जैसे पवित्र भावनाओं से ओत प्रोत है अपना उत्तरप्रदेश। उत्तरप्रदेश सदियों से भारत के मानचित्र में एक विशेष आकृति के लिए भी जाना जाता है। विश्व के कई देशों से अधिक लोग यहाँ रहते हैं जिनसे ये भारत एक देश से एक महान राष्ट्र बना है।

जो लोग अभी तक उत्तरप्रदेश के गाँवों से जुड़े हैं बल्कि कस्बों या कानपुर (जिसे अभी हाल ही में भारत के कई शहरों के मुकाबले 'Happiness Index' में अग्रणी पाया गया है) जैसे शहरों से जुड़े हैं , जानते हैं कि सामाजिक-धार्मिक पारस्परिक सद्भावना और समरसता का प्रतीक रहा है ये अपना उत्तरप्रदेश।

हालांकि 'कम आमदनी - कम खर्चा किन्तु खुशहाली' के सिद्धांत पर चलता ये प्रदेश अब शायद बदल रहा है, खर्चे बढ़ रहे हैं जिनकी पूर्ति के लिए लोग अपने उत्तरप्रदेश जैसे नायाब प्रदेश को छोड़कर अन्य प्रदेशों या अन्य देशों की तरफ भाग रहे हैं। 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयशी' के अनुसार अपनी जन्मभूमि के प्रति लगाव और उसे छोड़कर बाहर रहने से उत्पन्न उनकी तड़प को मैं सबसे अधिक जानता हूँ क्योंकि मैं भी उन्हीं लोगों में से एक हूँ। निरन्तर स्वर्ग से भी सुंदर अपने उत्तर प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक सम्पन्नता के बारे में सोचता रहता हूँ, प्रयास भी करता रहता हूँ।

जब भी विकास की बात होती है तो आर्थिक विकास की ही बात की जाती है। सामाजिक विकास, विकसित सोच की बहुत कम बात करते हैं, क्योंकि जड़ तक जाने की इच्छा ही नहीं होती और अगर इच्छा हो भी तो प्रयास नहीं किए जाते। जबकि बिना विकसित सोच के किसी भी प्रकार का विकास पहले तो सम्भव नहीं होता और अगर संभव हो भी जाये तो बेमानी होता है। इसलिए मैं अपने लेख को थोड़ा बड़ा करके सम्पादक महोदय से निवेदन करना चाहूँगा की कुछ भागों में लगातार प्रकाशित करें, ताकि पाठकों को सत्यता भी समझ में आए और उत्तरप्रदेश के विकास की संभावना भी अधिक से अधिक हो सके।

शुरुआत में कुछ शब्दों - नीतियों को समझना अति आवश्यक होता है।

**साम्राज्यवाद-** यह सिद्धांत सबसे पुराना है, शास्त्रों में इसका पूर्ण विवरण भी है। शक्ति और प्रभुत्व बढ़ाने की राज्य की नीति, प्रथा या वकालत है, विशेष रूप से प्रत्यक्ष क्षेत्रीय अधिग्रहण द्वारा या अन्य क्षेत्रों और लोगों पर राजनीतिक और आर्थिक नियंत्रण प्राप्त करके। ब्रिटिश शासन ने भी इसी सिद्धांत पर काम करके दुनियाँ पर राज्य किया।

**पूंजीवाद-** साम्राज्य बाद का शक्तिशाली योद्धा ही पूँजीवाद था जो बाद में खुद राजा बन बैठा। पूँजीवाद को अक्सर एक आर्थिक प्रणाली के रूप में माना जाता है जिसमें निजी अभिनेता अपने हितों के अनुरूप संपत्ति का स्वामित्व और नियंत्रण करते हैं और मांग व आपूर्ति बाजारों में स्वतंत्र रूप से कीमतें निर्धारित करती हैं जिससे समाज के सर्वोत्तम हितों की पूर्ति हो सके। पूंजीवाद की अनिवार्य विशेषता लाभ कमाने का मकसद है।

एक आर्थिक प्रणाली के रूप में पूंजीवाद की उत्पत्ति 16वीं शताब्दी में मानी जा सकती है। इंग्लैंड में 16वीं से 18वीं शताब्दी तक कपड़ा उद्योग जैसे बड़े उद्यमों के औद्योगिकीकरण ने एक ऐसी प्रणाली को जन्म दिया जिसमें उत्पादकता बढ़ाने के लिए संचित पूँजी का निवेश किया गया - दूसरे शब्दों में पूँजीवाद। हालाँकि, किसी एक व्यक्ति को पूँजीवाद का आविष्कार करने वाला नहीं कहा जा सकता है और पूर्ववर्ती पूँजीवादी प्रणालियाँ प्राचीन काल से ही अस्तित्व में थी। मुक्त बाजार या मुक्त उद्यम प्रणाली पूंजीवाद का दूसरा नाम है, जो उत्पादक संसाधनों के निजी स्वामित्व पर आधारित आर्थिक प्रणाली है।

क्रमश...

# YARN RATES
## यार्न रेट्स 20 जून, 2024

### C.T.M.
PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 215 |
| 2/18 Dyed | 180 |
| 2/40 Dyed | 205 |
| 2/30 Frosted | 215 |
| 2/30 Dyed Slub | 215 |
| 2/30 School Dress Clourer | 215 |

### R.T.M
PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 218 |
| 2/40 Dyed | 258 |
| 2/30 Frosted | 216 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 99 |

### SRM Spinners
Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 150 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 160 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 156 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 168 |
| 1/15 Poly Black | 107 |
| 20 PV Black | 144 |
| 15 PV Black | 138 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.
PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 230 |
| 2/40 Dyed | 270 |
| 2/50 Dyed | 335 |

### PANIPAT YARN
Mob: 9416031498

**TEXTURISE**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 150 | Roto | Grey. | 116-154 |
| 150 | Roto | Black. | 123-164 |
| 150 | Roto | Bright. | 136-157 |
| 150/250 | | grey. | 129-175 |
| 150/250 | | dyed | 144-197 |
| 150 FDY. | | | 140 |

**P.V. Yarn**

| | |
|---|---|
| 2/20 Grey CL | 125 |
| 2/40 POLY | 180 |
| 2/15 Poly Grey | 120 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 116 |

**Cotton Yarn**

| | |
|---|---|
| 4 cone OE | 66-106 |
| 6 cone. OE | 73-157 |
| 10 cone OE | 98-201 |
| 2/4 cone OE | 95-160 |
| 2/6. OE | 97-174 |
| 2/8 OE | 100-175 |
| 2/10 OE. | 115-220 |
| 2/20 OE. | 231-290 |
| 2/30 RF. | 311-422 |
| 2/40 RF | 305-399 |

**STAPLE YARN**

| | |
|---|---|
| 10 CONE | 194 |
| 15 CONE | 200 |
| 20 CONE | 206 |
| 2/15 CONE | 211 |
| 2/40 CONE | 259 |

### VISAKA IND. LTD.
PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 164 |
| 2/24 Poly Grey@ | 170 |
| 2/30 Poly Grey@ | 177 |
| 2/40 Poly Grey@ | 202 |
| 2/60 Poly Grey@ | 262 |
| 2/76 Poly Grey@ | 322 |
| 2/30 PV Black @ | 222 |
| 2/40 PV Black @ | 267 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 247 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 2/30 P/V | 148 |
| 2/30 P/V | 176 |
| 1/30 P/V | 156 |
| **Janvi** | |
| 1/15 Psy | 121 |
| **Triveni** | |
| 2/40 PV | 202 |
| 2/30 PV | --- |
| Mahabir | |
| 15 PV | --- |
| 20 PV | --- |

**Inclusive of 12 % GST**

### NEETA YARNS
Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

**Fancy Yarn Per Kg**

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 215 |
| 2/60 PVT | 215 |
| 2/60 Polyster | 230 |
| 2/80 PC Combed | 320 |
| 2/76 Polyster | 375 |
| 2/60 P.V. | 265 |

### MODTEX TEXTURISERS
PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 197+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 186+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 185+GST |
| 450 ATY fancy Cone | ------ |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### PAWAN ENTERPISES
9414111656
Triveni Spinning

| | |
|---|---|
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 148 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 180 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 215 |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 145 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey@ | 151 |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 158 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 164 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 180 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 126 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 146 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 200 |
| 2/30 100% Viscose@ | 220 |
| 2/40 100% viscose@ | 255 |

### Raghav Group
M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com
Raghav Agency Trident Ltd.

| | |
|---|---|
| 1/10 OE | 164 |
| 1/14 OE | 174 |
| 1/16 OE | 178 |
| 1/20 OE | 202 |
| 30 KW | 255 |
| 30 CW | 270 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 370 |
| 50 CW COMPACT | 415 |
| **Ankur Udyoug** | |
| 1/30 Polyester 100% | 135+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 130+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 125+GST |
| **Sidhartha Super Spinning Mills** | |
| 2/15 P/V Dyed OG | 225+GST |
| 2/18 P/V Black | 165+GST |
| 2/30 P/V Black | 230+GST |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 170 |
| 7 OE | 172 |
| 10 OE | 175 |
| 10 Lycra | 250 |
| 10 Slub Lycra | 270 |

### HIND SYNTEX LTD.
PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 165+GST |
| 2/30 PV | 175+GST |
| 15S PV | 150+GST |
| 2/24 PV | 170+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 155+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 145+GST |

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES
**POLYESTER ULTIMA YARN**

| | |
|---|---|
| 40s poly | 165 |
| 15s poly | 135 |
| 30s poly | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |

**PV YARN PRICES (70:30)**

| | |
|---|---|
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |

**MAGIC YARN**

| | |
|---|---|
| 2/47 PV Magic | 190 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 166 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.
PH. 94141 13144

**PV GREY YARN**

2/60 PV. 258/ SUP TEX
2/40 PV. 204. DIMOND
2/30 PV. 186 /
( BABA, RELIANCE,PV TEX)

| | |
|---|---|
| 20 PV. | 160 |
| 15 PV. | 155 |

**POLY GREY YARN**

| | |
|---|---|
| 2/40. | 185 |
| 2/30. | 162 |
| 2/20. | 150 |
| 2/15. | 145 |
| 15. | 135 |
| 10. | 132 |

**Less 1 rs cd +12% gst**
**All yarn**

**RECYCLE YARN PV**

| | |
|---|---|
| 2/40. | 190 |
| 2/30. | 173 |
| 15. | 144 |

**POLY RECYCLED**

| | |
|---|---|
| 2/40. | 165 |
| 2/30. | 142 |
| 15. | 113 |

**LESS 1 RS CD+12% GST**
2/45 poly magic. 165 rs
2/40 pc 65/35 combed 238 rs
++12% gst
Cd 1.rs all yarn
Black yarn

| | |
|---|---|
| 2/30 pv. | 177 |
| 2/30 poly | 150 |
| 2/18 poly | 120 |
| 15 poly. | 107 |

**Less 1 rs cd+12% gst**

### NB TEXTILE LLP ( MADE IN INDIA )
Bhavit Jain
+91 99289 13144
JNB YARN MUMBAI

| | |
|---|---|
| 2/60 pv - | 235 |
| 2/40 pv - | 180 |
| 2/30 pv - | 155 |
| 2/24 pv - | 149 |
| 2/20 pv - | 145 |
| 2/15 pv - | 135 |
| **100% poly** | |
| 2/76 - | 275 |
| 2/60 - | 230 |
| 2/40 - | 178 |
| 2/30 - | 156 |
| 2/24 - | 152 |
| 2/20 - | 147 |
| 2/15 - | 143 |
| **Recycled pv 70/30*** | |
| 2/30 pv - | 158 |
| **Recycled poly** | |
| 2/40 - | 159 |
| 2/30 - | 137 |
| 2/20 - | 131 |
| 2/15 - | 125 |
| **PC YARN 65:35** | |
| 2/40 COMBED - | 235 |
| 2/30 COMBED - | 195 |
| 2/30 CARDED - | 200 |
| 14 PC VIRGIN 65/35 | -141 |
| 14 PC OE 50/50 - | 134 |

### Jain Lalit Dhaliwal
(9364100686) | (9364471001)
URVASHI AGENCY

Sulzer reyon 48"

| | |
|---|---|
| 40 pick @ | 23/00 |
| 42 pick@ | 23/50 |
| 44 pick@ | 24/00 |
| 50 pick@ | 25/25 |
| 52 pick@ | 26/00 |
| 56 pick@ | 27/25 |

Airjet 48"

| | |
|---|---|
| 40pick@ | 23/00 |
| 42 pick@ | 23/50 |
| 44 pick@ | 24/00 |
| 50 pick@ | 25/50 |
| 52 pick @ | 26/25 |
| 56-58pic@ | 27/50 |
| 58 pick pakka@ | 27/75 |

Slub48"
@28/76 Sulzer bale or Roll

| | |
|---|---|
| Slub48"roll Airjet@ | 29/50 |
| 54" plain 68*58@ | 31/25, |
| 56 pick@ | 30/75 |
| 54" slub airjet@ | 33/00 |

Reyon slub

| | |
|---|---|
| Slub 48"@ | 28/75 |
| Slub,airjet @ | 30/00 |

63"@38/00 sulzer
Slub 63"
64 pick 63" airjet 39/50-*
71" Plain

| | |
|---|---|
| 68*58 @ | 43/00 |

71"HT
68*46(44) @38/25 normal
Mill goods pakka 46 pick pakka @39/25
Cotton sattine 48"

| | |
|---|---|
| 6060/128*68@ | 38/00 |
| 6060/144*66@ | 39/50 |
| 6060/165*80@ | 49/50 |

40c*40lycra
46(44) pick airjet Roll@ 55/-
Slub Lycra(Reyon)

| | |
|---|---|
| 66"@ | 48/00 |
| 72"@ | 53/00 |
| 78"@ | 57/00 |
| 88" RS@ | 62/00 |

Slub Lycra
Plain Lurex 48" 68*56@29/00 sulzer,
airjet @30/00
63" 68*58(56)silver 1cm Lurex Airjet@39/00
HT Lurex 68*44 2CM 71"@41/00
46 pick @42/-
63" Plain Airjet

| | |
|---|---|
| 44 pick 63" @ | 30/75 |
| 46 pick 63" @ | 31/50 |
| 50 pick 63"@ | 32/75 airjet |
| 52 pick 63"@ | 33/50 |
| 56 pick 63"@ | 35/00 |
| 58 pick 63"@ | 35/75 |

3030/92*68 63"

| | |
|---|---|
| plain 205-210gm@ | 47/00 |

Cotton Popline & cambrick

| | |
|---|---|
| 6060/92*88(86) 48"@ | 38/50 |
| 6060/92*88(86) 63"@/ (86 pick) | 49/00 |
| 6060/165*104 63" sattine@ | 69/00 |
| 6060/132*104 63"@ | 69/- |
| 6060/132*100 63"@ | 67/- |
| 4040/132*72 63"@ | 69/- |
| 4040/124*72 63"@ | 65/- |
| 4040/124*64 63"@ | 61/- |
| 4040/132*68 63"KK@ | 64/- |
| 4040/120*72 K*K 63@ | 59/50 |
| Cotton Flax 56*44(42) 63"@ | 74/- |
| Reyon Flax 56*44(42) 63"@ | 70/- |

समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।
MOBILE 9468835188, 417, 4th FLOOR,
GOVINDAM COMMERCIAL COMPLEX
OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001

# जल आपूर्ति नहीं होने से औद्योगिक प्रक्रियाओं पर पड़ा असर

**बालोतरा / लालचन्द पुनीत**



गर्मी की अधिकता ज्यों की त्यों बरकरार है। बाजार सुस्ती के आलम से गुजर रहा है। उत्पादन भी जहां आंशिक हो पा रहा है, वहीं चालानी भी शिथिलता के आगोश में है। नाईटी क्लॉथ में ग्राहकी विशेष रूप से रजवाड़ी में है। पोपलीन, पेटीकोट, रेयॉन और पोकेटिंग की ग्राहकी की मोनोपॉली नाम चीन उत्पादकों तक ही सीमित है। छोटे उत्पादक आगे की सीजन के अच्छे चलने की उम्मीद में उत्पादन लेने का प्रयास अवश्य कर रहे हैं, परन्तु श्रमिकों की भारी कमी से उत्पादन बहुत ही कम हो रहा है। ग्राहकी की इस विकट परिस्थिति में ग्रे-क्लॉथ में मन्दी आने का भय भी सताने लगा है। वैसे गर्मी में व्यापार धीमा ही चलता है। स्थानीय सभी जल आपूर्तिकर्ताओं ने रजिस्ट्रेशन के सन्दर्भ में जल आपूर्ति नहीं करने के निर्णय से औद्योगिक प्रक्रियाएं व्यवधान की शिकार हो गई है। यदि कोई समाधान न हुआ तो उत्पादन कार्य बन्द के कगार पर आए बिना नही रहेगा। स्मरण रहे पहले सभी रीको जल आपूर्ति करता था, उसके पास व्यवस्था भी है किन्तु उसकी सेवाएं बन्द है। वस्त्र रंगाई-छपाई उद्योग पूर्णतः जल आधारित होने से जल के अभाव में कुछ भी होना मुमकिन नही है। हजारों-करोड़ों के लगे इन्वेस्टमेंट का क्या होगा, यह तो समय ही बताएगा। उद्यमियों को इस पर गहन विचार कर स्थाई समाधान ढूंढ़ना होगा, जिससे विकसित उद्योग जीवन्त बना रह सके।

**धार्मिक निष्ठा और श्रद्धा...** सीईटीपी और लघु उद्योग मण्डल इसमें बेहतरीन भूमिका अदा कर कोई स्थाई रास्ते को अमलीजामा पहना सकते हैं। धार्मिक निष्ठा और श्रद्धा समन्वित कार्यक्रमों के क्षेत्र में धूम मची रहती है। उद्यमी ऐसे कार्यो में पूर्ण सहभागिता निभाते हैं। जैन आचार्य ज्ञान गच्छाधिपति पं. प्रकाशचन्द जी मा.सा. के आगमन पर धार्मिक वातावरण सजग बना है। माहेश्वरी समाज के वंशोत्पादक दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जुलूस और विभिन्न प्रस्तुत झांकियों ने जनमानस को अभिभूत किया। इसके साथ ही एक-दूसरे से मिलने और वार्तालाप का भी मौका मिलता है। सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम ही इसमें तोड़ का काम कर रहे हैं। इस चेतना का भी जब लोप हो जाएगा तो मनुष्य जीवन को मशीन का रूप लेने से कोई रोक नहीं पाएगा। आधुनिक युग में विकास की वास्तविक परिभाषा क्या है, इसका मूर्त रूप प्रकट होना है।

# फैंसी ब्लाउज और प्रिंटेड की हल्की डिमाण्ड

**निज़ामाबाद / जुगलकिशोर झँवर**

मई से जुलाई में वैवाहिक सीजन नही होने से ग्राहकी मंद है। अगस्त में श्रावण मास है उसमें तेलंगाना में 5-7 मुहूर्त है। कारण वैसे भी कपड़ा हो या किराणा सभी जगह ग्राहकी कम है। सूटिंग-शर्टिंग की तो ग्राहकी है ही नहीं। जो है रेडीमेड़ में हैं, वो भी बहुत कम लोगों द्वारा खरीददारी की गई है। कारण एक तो किराणा, सब्जी आदि सामग्री में उतना खर्च नहीं बढ़ा है, दूसरा खर्चे बहुत बढ़ गए हैं। किराए की दुकान, किराए का मकान वालों का जीना और आगे सरवाई करना असंभव है, सो पूँजी खत्म होने वाली है। स्कूल खुल चूके है।

बच्चें हॉस्टल में जा रहे हैं। अतः बैडशीट्स, नाइट ड्रेस में थोड़ी ग्राहकी है। आगे नागपंचमी का त्योंहार है। इस कारण पाली के ब्लाउज पीस में थोड़ी ग्राहकी है। हर साल पाली के प्रिंटेड़ व सूरत के फैंसी ब्लाउज बहुत बिकते थे, लेकिन इस वर्ष मामूली पूछ-परख है। कारण लोगों के पास पुराना स्टॉक बहुत पड़ा है, वो बिक जाए तो पैसा हाथ आए। इस आशा में अच्छे भाव में बिक जाए यहीं प्रयास है। होलसेल व्यापार व रिटेल कपड़ा व्यापार बड़े-बड़े मॉल में परिवर्तित हो गए हैं।

**श्रद्धांजलि**
।।ॐ शांति ॐ।।



**स्व. गुरूनाम सरन जी सरीन**
(स्वर्गवासः 05-6-2024)
प्रतिष्ठान
अमर-प्रेम एण्ड सन्स प्राइवेट लिमिटेड,
एस.एस. इण्डस्ट्रीज, ए.पीएस लोजिस्टिक
श्रद्धावनत
योगेन्द्र शर्मा (संपादक)
एवं समस्त टेक्सटाइल वर्ल्ड परिवार, (भीलवाड़ा)

भूल ना जाना ०४८

RISHAB WORLD



# लक्ष्मी सहगल

(१९१४ - २०१२)

पेशे से डॉक्टर और शौक से **सैनिक**, जिन्हें **कैप्टन लक्ष्मी** के नाम से जाना जाता था, वह सन् 1940 में **भारतीय स्वतंत्रता संग्राम** में सम्मिलित रही।

सन् 1942 में सिंगापुर में समर्पण के दौरान **लक्ष्मी** ने उन घायल कैदियों का उपचार किया, जो **सिंगापुर में भारतीय स्वतंत्रता हेतु आर्मी** का गठन करना चाहते थे।

इसकी पृष्ठभूमि में **नेताजी सुभाष** सिंगापुर आए और **लक्ष्मी** को **महिला रेजीमेण्ट** का गठन करने को कहा, जिसे रानी ऑफ द झांसी रेजीमेण्ट के नाम से जाना गया।


महिलाओं ने इसमें काफी रूचि दिखाई और **डॉ. लक्ष्मी स्वामिनाथन**, **कैप्टन लक्ष्मी** बन गई। यही नाम जीवन भर उनके साथ रहा।

भारतीय सेना ने **जापानी सेना** के सहयोग हेतु बर्मा कूच किया किन्तु लड़ाई ब्रिटेन की ओर मुड़ गई और **लक्ष्मी** को मई 1945 में बर्मा के जंगलों से गिरफ्तार कर लिया गया। कालान्तर में मार्च 1946 में उन्हें दिल्ली भेज दिया गया।

स्वतंत्रता के बाद **कैप्टन लक्ष्मी गरीब** और **जरूरतमंद** लोगों की सेवा में कार्यरत रही। खासतौर पर **पाकिस्तान** व **बांग्लादेश** से निष्क्रमित लोगों की सेवा में लगी रही।


दक्षिण भारत में जन्मी और उत्तरभारत में रही **लक्ष्मी सहगल** देश के प्रति निष्ठावान रही और कम्यूनिस्ट पार्टी ने 2002 के **राष्ट्रपति चुनाव** में उन्हें **एपीजे अब्दुल कलाम** के खिलाफ बतौर उम्मीदवार खड़ा किया।

सन् 1998 में इन्हें भारत सरकार द्वारा **पद्म विभूषण** की उपाधि से राष्ट्रपति **के. आर. नारायण** के हाथों सम्मानित किया गया, वहीं **कालीकट यूनिवर्सिटी** द्वारा इन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई।







Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026
RNI Registration No. 71772/98










# गारमेण्ट कपड़ों की मांग में जोर नहीं

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

सीजन के दौरान गारमेण्ट में रिटेल कारोबार अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में बड़े ब्रांड्स से लेकर छोटी रिटेल दुकानों में अनसोल्ड स्टॉक बहुत ज्यादा है। स्टॉक के कारण बड़े मल्टी ब्रांड स्टोरों पर कम करने का भारी दबाव है। जुलाई महीने में हो रहे नेशनल गारमेण्ट फेयर से उम्मीदें बढ़ी है। गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन गतिविधियां धीमी है। गारमेण्ट इकाइयों की तैयारी विंटर और फेस्टिव सीजन पर है। सेम्पलिंग की तस्वीर साफ होने के बाद इकाइयों में उत्पादन को मूर्त रूप दिया जाना है। इसमें उत्तर भारत में विंटर सीजन की बुकिंग और देश के अन्य हिस्सों में फेस्टिव सीजन की बुकिंग की जानी है।


## सेम्पलिंग बाद निकलेगी ग्राहकी

केंद्र में नई सरकार बनने के बाद जैसे ही मंत्रालयों के आवंटन हुए उसके बाद कपड़ा मंत्री श्री गिरीराज सिंह ने कहा है कि रोजगार के अधिकतम अवसर सृजन करने की क्षमता टेक्सटाइल क्षेत्र में है। कपड़ों और गारमेण्ट के निर्यात के साथ रोजगार बढ़ाना मुख्य लक्ष्य है। टेक्सटाइल एवं एपेरल का निर्यात जो 2022-23 में 35.5 अरब अमेरिकी डॉलर था, वह 2023-24 में 3.24 प्रतिशत घटकर 34.4 अरब डॉलर हो गया। इस निर्यात को बढ़ाने के लिए प्रयास किया जाएगा। वर्ष 2021-22 में टेक्सटाइल-एपेरल का शिपमेंट 41 अरब अमेरिकी के उच्च स्तर पर पहुँच गया था। वर्तमान और भविष्य में रोजगार सृजन में इस क्षेत्र की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी। उद्योग अग्रणियों का कहना है कि भारत का कपड़ा उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है। टेक्सटाइल पर जीएसटी की दरें सुसंगत होनी चाहिए तथा इस क्षेत्र में कौशल विकास की भारी समस्या है। प्रतिभाशाली लोग इस क्षेत्र में कम आते है इसलिए नई सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। टेक्सटाइल-एपेरल के वैश्विक व्यापार में भारत का हिस्सा चार प्रतिशत है, जबकि जीडीपी में इसका हिस्सा 2.3 प्रतिशत है। औद्योगिक उत्पादन में इस क्षेत्र का हिस्सा 13 प्रतिशत है। विश्व में टेक्सटाइल का छठा बड़ा निर्यातक देश भारत है। टेक्सटाइल उद्योग में 45 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। इस क्षेत्र के विकास की असीम संभावनाएं है।










स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36-ए, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**




22 जून से 6 जुलाई, 2024

SINCE 1998

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Corporate


Anniversary 26TH YEARS

### रजत जयन्ती वर्ष में हुआ "यूनिवर्ल्ड 3.0" एक्ज़ीबिटर्स के लिए बना संजीवनी

# प्रकाशन के 26 वर्ष

## स्वर्ण जयन्ती की ओर पहला क़दम

## बहुत खास होगा "यूनिवर्ल्ड 4.0"



**योगेन्द्र शर्मा** • संपादक, टेक्सटाइल वर्ल्ड


*"लक्ष्य साधकर निकल पड़े तो अपना ही विश्वास हुए।*
*अवरोधों के शूल पंथ पर हताश हुए निराश हुए।*
*तुंग हौसलों के सपनों को आप सरीखे पंख मिले,*
*फिर जो उड़ना शुरू किया तो ज़र्रे से आकाश हुए।"*

लक्ष्य भी शायद बहुत मामूली था... टेक्सटाइल उद्योग और व्यापार जगत का सूचना प्रदायक छोटा-मोटा अखबार निकालना है... अपना ही विश्वास लेकर चिंतन का सफ़र आरंभ कर दिया... अवरोधों के कई शिलाखंड क़दम क़दम पर रफ्तार को बाधित करते रहे तब भी ठोकरें खाते गिरते-पड़ते सफ़र को जारी रखा... कितना ही सकारात्मक रहने के बावजूद मन हताश हो जाता... फिर कहीं से हिम्मत मिलती... लेकिन फिर कोई ठोकर लगती और फिर घोर निराशा... गिराने के प्रयास करने वाले नाम इक्के-दुक्के होंगे... पर हौसलों की परवाज़ बने नामों का जिक्र करें तो शायद अखबार भर जाएगा... लेकिन इस दिशा में एक पितृतुल्य भाव से कलाई थामने वाले श्री आर.एल. नौलखा (मै. नितिन-स्पिनर्स लि.) का उल्लेख करना तो मेरा आत्मिक धर्म बनता है... फिर डॉ. मुकेश मोदी (मोडवे) ने कंधे से कंधा मिलाया... तो सफ़र का विधिवत शुभारंभ हो गया... मै. रिलायन्स इंडस्ट्रीज (''विमल'') के प्रेसीडेण्ट श्री के. नारायण, सियाराम समूह के श्री रमेश पोद्दार, एल एन जे भीलवाड़ा समूह के बड़े बाबू श्रद्धेय श्री एल.एन. झुनझुनवाला... और ऐसे बड़े-बड़े कई नाम... यूँ कहें कि इस इमारत में कई विशेषज्ञों का हाथ लगा तो एक आलीशान 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' रूपी इमारत का निर्माण हो गया और 26 प्रकाशन वर्ष पूर्ण करने का मतलब है कि अपने स्वर्ण जयन्ती पथ की यात्रा आरंभ हो चुकी है... इसका अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि... हमने चलना सीख लिया... हमने उड़ना सीख लिया... अब क़दमों में प्रतिबद्धता है... ठोकर खाकर गिरने पर पुनः खड़े होने की शक्ति है... और उड़ने के लिए पंखों में हौसलों की ऊर्जा है... आज जब वैश्विक स्तर के ब्राण्ड यथा ग्राडो, ओसीएम और मयूर, डोनियर ग्रुप जैसे वटवृक्ष की छाया में आकर पूरे बाजार पर अपना प्रभुत्व जमाने को आतुर हैं और दूसरे प्रतियोगी अपने जमे हुए पाँव छोड़ने को तैयार नहीं है... ऐसे दौर में भी हम सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का वातावरण तैयार करने और प्रगति के नए-नए मार्ग प्रशस्त करने का संकल्प लेकर हर आँधी तूफान का मुकाबला करते हुए निर्भीक खड़े हैं... क्योंकि हमारा पाठक हमारे साथ क़दम से क़दम मिलाकर चलता है... हमारा विज्ञापनदाता संबल बनकर प्रति पल हमारे साथ खड़ा रहता है... हमारे ब्यूरो चीफ़... सैकड़ों संवाददाता और कार्यालय में सेवारत परिवारजन 'चरैवेति' के संजीवनी मंत्र का अपने पसीने से यज्ञ करते हैं... इसलिए हम अपने पग धरती पर टिकाए हुए भी आकाश जैसी अनुभूति करते हैं... 'आभार' जैसा शब्द तो इनके योगदान के समक्ष वैसा ही है... जैसे हिमालय के सामने कोई छोटा सा पत्थर रख दिया गया हो।

हमारे इस रजत जयन्ती वर्ष मनाने की उपलब्धि के रूप में यदि बैंगलोर में सम्पन्न हुए 'यूनिवर्ल्ड 3.0' का उल्लेख करें... तो शायद अतिशयोक्ति नहीं होगी... इस फेयर में स्टॉल लगाने वाले उद्यमियों/निर्माताओं के लिए यह फेयर संजीवनी बूटी जैसा ही था... देशभर में 'यूनिवर्ल्ड 3.0' की खूब चर्चा रही... आज जब हम प्रकाशन के 26 वर्ष पूरे करके 27वें वर्ष में पदार्पण कर रहे हैं तो हमें लगता है कि स्वर्ण जयन्ती पथ की यात्रा के शुभारंभ का क़दम नई चुनौती... नई ताकत... नई सोच और नई मंज़िल की प्रेरणा के साथ होना चाहिए।

बस... इसी बोधक प्रेरणा को हृदय में धारण करके एक नए संकल्प का शीर्षक तैयार हुआ है... जिसका नाम ''यूनिवर्ल्ड 4.0'' है ... इसे विशेषणयुक्त भाव से ''यूनिवर्ल्ड 4.0 - यूनिवर्ल्ड 4.U'' नामांकित करें... तो शायद इसका महत्त्व और भी बढ़ जाएगा... पूर्वी भारत के कोलकाता जैसे व्यापारिक केन्द्र पर दिसंबर 2024 में इस आयोजन का प्रावधान निश्चय ही आप सबके उत्साह को द्विगुणित करेगा... इसे बहुत खास बनाने हेतु हम अपनी पूरी शक्ति झोंकने के लिए संकल्पित हैं... प्रतिबद्धतापूर्वक मन से इस महान यज्ञ की सुदृढ़ यज्ञशाला तैयार करने में जुटे हैं... भाव यह है कि चुनौतियों से लड़ने के लिए आप अकेले नहीं हैं... हम भी आपके साथ खड़े हैं... एक क़दम भी पीछे नहीं हटाएंगे... आपके साथ पूरे दमखम के साथ खड़े रहेंगे... अड़े रहेंगे... यह तो एक परम्परा सी बन गई है कि प्रतिवर्ष चुनौतियों का आकार सुरसा के मुख की तरह विकराल हो जाता है... लेकिन लड़ने की शक्ति तब तक प्राणित रहती है... जब तक हम हार को स्वीकार नहीं करते... नए आयाम की सुदृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आइए! हम साथ-साथ चुनौतियों को परास्त करने के लिए विजयी मन का भाव-प्रण लेकर समर के लिए फिर एक क़दम बढ़ाएँ...।

*''जीत के संकल्प से जो बढ़ गए वो,*
*हार के भय से कभी रुकते नहीं हैं।*
*सूर्य पर अधिकार पहला है उन्हीं का,*
*आँधियों में जो दिये बुझते नहीं हैं।''*



# बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा

## डायरेक्टरी लॉन्चिंग के अवसर पर टेक्सटाइल व्यापारी सम्मेलन का भव्य आयोजन









**बंगलुरु/ सत्य प्रकाश...** स्थानीय होलसेल कपड़ा व्यापारी संगठन बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन (BWCMA) ने 16 जून को अपने समस्त सदस्यों की नवनिर्मित डायरेक्टरी की लॉन्चिंग के अवसर पर पैलेस ग्राउंड में टेक्सटाइल व्यापारी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत तथा विशेष अतिथि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन श्री सुनील सिंघी एवं बैंगलोर सेंट्रल सांसद श्री पी.सी. मोहन का एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रकाश पिरगल ने शॉल, माला व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्री प्रकाश पिरगल ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए डायरेक्टरी को तैयार करने से लेकर लॉन्चिंग तक मिले हर सदस्य के सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि डायरेक्टरी में एसोसिएशन के 1300 से अधिक सदस्य कपड़ा व्यापारियों का संकलन है, जिसमें सदस्यों के संस्थान की विस्तृत जानकारी दी गई है। इस अवसर पर एसोसिएशन के सेक्रेटरी श्री योगेश सेठ एवं डायरेक्टरी चेयरमैन श्री महावीर मेहता ने भी संबोधित किया।



### आधुनिक युग में टेक्निकल होकर व्यापार करने की जरूरत -राज्यपाल



डायरेक्टरी लॉन्चिंग के अवसर पर राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में शक्ति होती है, संगठन को मजबूत करने के लिए हमें अपना स्वार्थ छोड़कर एक - दूसरे के सुख-दुख का साथी बनने की कोशिश करनी चाहिए। परस्पर एक दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनेंगे तो निश्चित रूप से सुख का अनुभव करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में हमें अपने व्यापार को विकसित करने के लिए नई मार्केटिंग स्ट्रैटेजी एवं मार्केटिंग प्लान के साथ टेक्निकल होकर व्यापार करने की जरूरत है। इस आधुनिक युग में इलेक्ट्रॉनिक एवं ऑटोमेटिक सिस्टम तथा डिजिटल और ऑनलाइन प्रचलित है, इसके उपयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में कपड़ा उद्योग का इतिहास बहुत लम्बा और विविधिता पूर्ण रहा है। देश की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था में टेक्सटाइल व्यापारियों का अहम योगदान है। कृषि के बाद कपड़ा उद्योग देश का सबसे बड़ा उद्योग है। ये उद्योग सदियों से देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था और है। उन्होंने कहा कि देश को और आगे ले जाने में टेक्सटाइल उद्योग अहम भूमिका निभा रहा है।

### व्यापारियों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध -श्री सुनील सिंघी

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन श्री सुनील सिंघी ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री को प्रदेश स्तर पर बोर्ड और जिला स्तर पर भी कमेटी बनाने के लिए पत्र लिखा गया। जिला स्तरीय कमेटी होने से व्यापारियों को आसानी हो जाएगी कि कलक्टर के माध्यम से हर तीन माह में व्यापारियों की समस्याओं की समीक्षा की जाएगी। व्यापारियों की समस्याओं को हल करने का काम शुरू हो गया है। अब छोटे व्यापारी भी ऑनलाइन पंजीयन करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लोकल फॉर वोकल पर जोर देते हैं। वे कहते हैं कि हर चीज अपने देश में निर्मित होनी चाहिए। जो टेक्नोलोजी अपने देश में नहीं है उसे देश में लाना चाहिए। इसके लिए व्यापारियों को हर संभव मदद कर रही है।



### BWCMA सदस्यों का किया सम्मान



**टेक्सटाइल व्यापारी सम्मेलन के दौरान एसोसिएशन की ओर से अपने पुराने सदस्य प्रसिद्ध टेक्सटाइल उद्यमी श्री जोधराज मांडोत, चेयरमैन टेसीटुरा मोंटी इंडिया प्रा. लि. एवं हाई फैब्रिक इंक. तथा कपड़ा व्यापारी श्री रमेश मनंडी एवं श्री प्रकाश पिरगल, प्रेसिडेंट BWCMA एवं सदस्य, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का उनकी टेक्सटाइल क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड चेयरमैन श्री सुनील सिंघी द्वारा सम्मान करवाया गया।**













# लीनिया लुसो बाय टेसीट्यूरा मोंटी ने किया ऑल इंडिया सिंडिकेट डीलर्स मीट का आयोजन

## फेस्टिव एवं विंटर सीजन के लिए पेश किए नए डवलपमेंट

**बैंगलुरु** / मेन्स फैशन के लिए हाई क्लास लग्जरी शर्टिंग फैब्रिक्स उत्पादन में विश्व प्रसिद्ध कंपनी टेसीट्यूरा मोंटी इंडिया प्रा. लि. द्वारा 17-19 जून को बैंगलुरु में 100% प्रीमियम गीजा कॉटन शर्टिंग ब्राण्ड 'लीनिया लूसो' की सिंडिकेट डीलर्स मीट आयोजित की गई। जिसमें कंपनी की ओर से 1000 से अधिक डिजाइंस का शानदार डिस्प्ले किया गया तथा ब्राण्ड के ऑल इंडिया के समस्त डीलर्स ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में आगामी फेस्टिव एवं विंटर सीजन के लिए तैयार नवीनतम रेंज पेश की गई, जिसे खूब सराहते हुए व्यापारियों ने जमकर बुकिंग करवाई।

LINEA LUSSO ITALY By TESSITURA MONTI

इस अवसर पर टेसीट्यूरा मोंटी इंडिया प्रा. लि. के युवा डायरेक्टर श्री आकाश जैन, मार्केटिंग डायरेक्टर श्री नवीन रांका, सेल्स एंड मार्केटिंग मैनेजर श्री हीरेन मवानी, डिजाइन हैड श्री सारनाथ सतपुते ने कॉन्फ्रेंस में पधारे समस्त डीलर्स को कम्पनी द्वारा किए जा रहे नए डवलपमेंट की जानकारी दी तथा आगामी सीजन की एडवांस तैयारी के लिए 'लीनिया लुसो' ब्राण्ड के तहत बनाई जा रही नई रेंज की जानकारी दी। डायरेक्टर श्री आकाश जैन ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि कम्पनी आगामी सीजन के लिए नियमित इनोवेशन कर रही है। 'लीनिया लुसो' ब्राण्ड में सैंकड़ों नए डिजाइंस आगामी सीजंस के लिए प्रस्तुत कर चुकी है तथा इंटरनेशनल फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप नए डिजाइनिंग कॉन्सेप्ट पर लगातार काम कर रही है। ज्ञात रहे की मोंटी मिल 70-75% फैब्रिक्स यूरोप एवं अमेरिका को एक्सपोर्ट करती है। अगले 4 महीने का प्रॉडक्शन बुक हो चुका है।

### प्रिंट एवं जैकार्ड डिजाइंस रहे आकर्षण का केंद्र

टेसीट्यूरा मोंटी की ओर से 'लीनिया लुसो' ब्राण्ड के अंतर्गत प्रीमियम गीजा कॉटन शर्टिंग फैब्रिक्स में लगातार नए-नए डवलपमेंट किए जा रहे हैं, जिसकी झलक ऑल इंडिया सिंडिकेट डीलर्स मीट में देखने को मिली। हर सीजन के लिए एक्सक्लूसिव नई रेंज ऑफर करने में माहिर टेसीट्यूरा मोंटी ने इस बार भी प्रिंट एवं जैकार्ड डिजाइंस में एक्सक्लूसिव नई रेंज बनाई है, जिसका बेहद खूबसूरत प्रजेंटेशन डीलर्स मीट के दौरान किया गया। 100 काउंट में तैयार पोपलीन फैब्रिक्स में डिजिटल एवं रोटरी प्रिंट्स में 300 से अधिक नए डिजाइंस प्रस्तुत किए गए, साथ ही जैकार्ड एवं टेंसिल फैब्रिक्स में भी नए कलर्स एवं डिजाइंस में अद्भुत कलेक्शन पेश किया गया। ओवर ऑल कॉन्फ्रेंस काफी शानदार रही। सभी डीलर्स ने 'लीनिया लूसो' ब्राण्ड में किए जा रहे नए डवलपमेंट्स पर भरोसा जताते हुए कम्पनी को जमकर ऑर्डर्स दिए।












LINEA LUSSO ITALY By TESSITURA MONTI

TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.

Mill:
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer, Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra. INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in

Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in

Tessitura Monti India Pvt.Ltd. BORN IN ITALY 1911

BCI

Auth. Distributors : Maharashtra, Gujarat, West Bengal & Uttar Pradesh - M/s Tushar Textiles , Mumbai Karnataka, AP & Telangana - M/s Padam Fabrics , Bengaluru
Karnataka & Kerala - M/s Vogue Vastra, Bengaluru AP & Telangana - M/s Payal Saree Centre, Hyderabad Tamil Nadu - M/s Sri Prem Syndicate, Chennai
Rajasthan & Haryana - M/s Vinayak Trading Co , Jaipur Delhi NCR & Punjab - M/s SKSN Fabrics, Delhi Bihar - M/s RC Fabtex , Patna

For Distributorship Enquiry in West Bengal, Jharkhand, UP, MP & CG : +91 97028 39191

# गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री

## विषयः जीसीसीआई टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव 2024 (तीसरा संस्करण)









**अहमदाबाद/** गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) ने टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव 2024 के तीसरे संस्करण का आयोजन 15 जून, 2024 को अहमदाबाद के कर्णावती क्लब के गोल्डन ग्लोरी हॉल में श्री हँसमुख भाई पटेल सांसद और द टेक्सटाइल एसोसिएशन (इंडिया), (अहमदाबाद यूनिट) के अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। श्री हँसमुख भाई पटेल सांसद और द टेक्सटाइल एसोसिएशन (इंडिया), (अहमदाबाद यूनिट) के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के रूप में टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव के संस्मरणों का अनावरण किया। उन्होंने पिछले दो संस्करणों के सभी वक्ताओं के भाषणों को सारांशित करने के लिए संस्मरणों की सराहना की। श्री पटेल ने टेक्सटाइल नेताओं से भारत को वैश्विक टेक्सटाइल हब बनाने और उद्योग के सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हासिल करने में सहयोग करने का आग्रह किया।

अपने स्वागत भाषण के दौरान, जीसीसीआई के अध्यक्ष श्री अजय पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि यह टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव अपने पिछले संस्करणों की सफलता पर आधारित है, जिसका उद्देश्य कपड़ा उद्योग के सामने आने वाली जरूरतों और मुद्दों पर गहन चर्चा और विचार-विमर्श के लिए एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने माननीय मुख्य अतिथि और उपस्थित अन्य सम्मानित वक्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य और गुजरात के कपड़ा उद्योग के महत्त्वपूर्ण योगदान के बारे में भी जानकारी दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री संदीप इंजीनियर ने गुजरात के आर्थिक ढाँचे में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए कपड़ा क्षेत्र को समर्थन देने के लिए जीसीसीआई की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था प्राप्त करने के भारत के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ, कपड़ा उद्योग के रणनीतिक महत्त्व पर जोर दिया जाता है, जिससे इसमें शामिल सभी हितधारकों के लिए पारस्परिक लाभ सुनिश्चित होता है।

विषय संबोधन देते हुए टेक्सटाइल टास्क फोर्स के अध्यक्ष श्री सौरिन पारिख ने कॉन्क्लेव के इस तीसरे संस्करण के पीछे की अवधारणा का संक्षिप्त विवरण दिया। इसके अलावा, उन्होंने उद्योग की चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें सरकार तक प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने में इस तरह के समारोहों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह सक्रिय भागीदारी सभी हितधारकों की बेहतरी के लिए राज्य की कपड़ा नीति को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। संगम (इंडिया) लिमिटेड के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एन.मोदानी ने कंपनी की प्रेरक यात्रा को याद किया, जिसमें कंपनी की साधारण शुरुआत से लेकर उद्योग में अग्रणी के रूप में इसके वर्तमान कद तक के विकास का वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि कैसे कंपनी 58 देशों में मौजूदगी के साथ कपड़ा क्षेत्र में आधारशिला के रूप में उभरी है, जिसने वैश्विक कपड़ा निर्यातक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूती से स्थापित किया है। डॉ. मोदानी ने पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। सभी हितधारकों के लिए स्थायी मूल्य बनाने के लिए इसके समर्पण को उजागर किया।

गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री श्री प्रमोद खोसला, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, खोसला प्रोफाइल प्राइवेट लिमिटेड, एक पहली पीढ़ी के उद्यमी ने भारत के फिल्ट्रेशन फैब्रिक्स और पॉलीप्रोपाइलीन फाइबर उद्योग के साथ अपना करियर बनाया। सन् 1977 में RSWM में एक प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में शुरुआत करते हुए उन्होंने सन् 1979 में घरेलू स्तर पर पॉलीप्रोपाइलीन फिल्टर फैब्रिक्स की मार्केटिंग में विस्तार किया और फिल्टर फैब्रिक्स और तकनीकि वस्त्रों के भारत के सबसे बड़े निर्माता बन गए। विभिन्न स्थानों पर 1500 से अधिक कर्मचारियों के साथ खोसला फिल्टर, ग्रैन्यूल/फाइबर से तैयार उत्पादों तक एक एकीकृत विनिर्माण प्रक्रिया प्रदान करता है। उन्नत यूरोपीय तकनीक का लाभ उठाते हुए 60 से अधिक देशों को निर्यात किए गए उनके फिल्टरेशन फैब्रिक, KPPL की असाधारण गुणवत्ता की गवाही देते हैं। डी' डेकोर होम फैब्रिक्स प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक श्री अजय अरोड़ा ने विस्तार से बताया कि कैसे डी' डेकोर एक पारिवारिक उद्यम के रूप में अपनी जड़ों से आगे बढ़कर फर्निशिंग फैब्रिक्स उद्योग में वैश्विक नेता के रूप में उभरा है। उन्होंने वितरण, आपूर्ति शृंखला और खुदरा प्रथाओं के आधुनिकीकरण पर जोर दिया, लेकिन डिजिटल नवाचार को उत्साहपूर्वक अपनाने पर भी जोर दिया, जिससे डी' डेकोर उद्योग विकास के अगुआ के रूप में आगे बढ़ा। इस कार्यक्रम में आकर्षक पटोला फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें गुजरात के सांस्कृतिक महत्त्व को दर्शाया गया और पाटन पटोला के कालातीत महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। तीन स्टार्टअप ने अपने अभिनव समाधान प्रस्तुत किए। सीमलेस टेक्स्टेक प्रा. लि. ने वास्तविक समय में अतालता की निगरानी के लिए प्रवाहकीय कपड़ा आधारित शुष्क इलेक्ट्रोड के साथ एकीकृत परिधान का प्रदर्शन किया। स्टेटमेंट डेनिम ने पर्यावरण के अनुकूल डेनिम उत्पादों को प्रदर्शित किया, जबकि ऑल्टमैट प्रा. लि. ने मुख्यधारा की स्थिरता के भविष्य की कल्पना करते हुए टिकाऊ प्राकृतिक फाइबर पेश किए। भारत भर में जिनिंग, स्पिनिंग, वीविंग, प्रोसेसिंग, गारमेंटिंग, तकनीकि वस्त्र और मशीनरी निर्माताओं से बड़ी संख्या में उद्योगों ने सम्मेलन में भाग लिया।

**डॉ. दुष्यंत रावल**
**महासचिव, जीसीसीआई**




# कॉटन यार्न के भाव प्रतिकिलो पाँच से दस रू तक बढ़े

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

पावरलूम इकाइयों में कपड़ों का उत्पादन बढ़ने से कॉटन यार्न की मांग अच्छी है तो इसके भाव भी सुधरें है। लूमों पर कपड़ों का उत्पादन जहाँ 50 प्रतिशत क्षमता पर हो रहा था, अब बढ़कर 70 प्रतिशत से अधिक हो गया है। इस कारण कॉटन यार्न और पॉलिएस्टर आधारित यार्न की मांग में अच्छा सुधार हुआ है, लेकिन कॉटन यार्न की निर्यात मांग सीमित है। भारत से कपड़ों के निर्यात मांग में भी अपेक्षित सुधार होने से स्पिनिंग इकाइयों के लिए कॉटन यार्न का उत्पादन जारी रखने में मदद मिल रही है। अधिकतर स्पिनिंग इकाइयों के पास रूई का स्टॉक न्यूनतम स्तर पर होने की जानकारी है, परंतु रूई के भाव तर्कसंगत और यार्न उत्पादन के अनुकूल होने से मिलों को परेशानी नहीं है।

ऐसी रिपोर्ट है कि यार्न बनाने वाली स्पिनिंग इकाइयां कॉटन यार्न का उत्पादन जारी रखने के लिए लंबी डिलिवरी कॉन्ट्रेक्ट के तहत सीसीआई और बहुराष्ट्रीय कंपनियों से रूई की खरीदी की है। सीसीआई की ओर से भी कहा गया है कि स्पिनिंग इकाइयों की जरूरत की रूई की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखा जाएगा। हाल स्पिनरों को कच्चे माल की कोई समस्या नहीं होने और स्थानीय बाजार में यार्न की आपूर्ति अच्छी होने से वीवर्स भी उत्पादन गतिविधियां बढ़ा रहे हैं। आगामी त्योहारी सीजन एवं विंटर के कपड़ों की मांग अच्छी होने के अनुमान से कपड़ों के उत्पादन बढ़ रहे हैं, इसलिए बाजार में यार्न की मांग भी अच्छी है। कॉटन यार्न के भाव प्रति किलो पाँच से दस रू.तक बढ़े हैं।

डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड-डीजीएफटी द्वारा जारी एक अधिसूचना में बिना बीआईएस क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर पॉलिएस्टर यार्न मटीरियल आयात की मंजूरी दी गई है। इस मंजूरी से एमएमएफ निर्यातकों को बड़ी राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि यह मंजूरी सिर्फ एडवांस ऑथोराइजेशन होल्डर, ईओयू और एसईजेड की इकाइयों को दी गई है। पिछले कुछ समय से बीआईएस प्रमाण वाले यार्न का ही आयात करने का नियम लागू होने से एमएमएफ निर्यातकों को बड़ी कठिनाई होने की चर्चा जोर पकड़ रही थी। इस कारण वीवर्स से लेकर व्यापारी तक सभी को कुछ न कुछ असर होने लगा था। बाजारों में मांग कमजोर होने पर भी पॉलिएस्टर आधारित यार्न के भाव बढ़ने शुरू हो गए थे।




## सीसीआई का कॉटन स्टॉक 24.80 लाख टन

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यानि सीसीआई के पास 20 जून को 24.10 लाख गांठ (प्रति गांठ 170 किलो) कॉटन का स्टॉक बचा हुआ था। उल्लेखनीय है कि सरकार ने सीसीआई को कॉटन की खरीदी के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया हुआ है, जो बाजार में कॉटन के भाव सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य (एमएसपी) से नीचे जाने पर किसानों से कॉटन की खरीद करती है। इसके अतिरिक्त यह एजेंसी बाजार भाव पर कॉटन की खरीद करती है ताकि बाजार में मूल्यों में संतुलन बना रहे। एक अक्टूबर से आरंभ हुए कॉटन वर्ष 2023-24 में सीसीआई ने एमएसपी से किसानों से कुल 32.84 लाख गांठ कॉटन की खरीद की थी।

